

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 150 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, बुधवार 05 अप्रैल 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर लाईवलीहुड कॉलेज हॉस्टल में प्रारंभ होगा कामकाजी ....

मानदेय वृद्धि के लिए बिहान कैडर ने विधायक को सौंपा ज्ञापन... पेज -8 पर


छत्तीसगढ़ कांग्रेस के आला नेता पहुचे दिल्ली

## मंत्रिमंडल में फेरबदल होगा या बदले जाएंगे प्रदेश अध्यक्ष, चर्चाओं का दौर शुरू

नई दिल्ली/रायपुर। एक बार फिर छत्तीसगढ़ कांग्रेस में फेरबदल की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। इस बार वजह आला नेताओं की दिल्ली में मौजूदगी है।







मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा स्पीकर डॉ. चरणदास महंत, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया जैसे प्रमुख नेता दिल्ली में हैं। छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा भी दिल्ली में हैं, हालांकि पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के भी दिल्ली में होने की खबर आई थी लेकिन बाद में इस बात की पुष्टि हुई कि वे कोंडागांव में ही हैं। और वे भी दिल्ली जा सकते है।

### चुनाव को लगभग 6महीने बाकी

प्रदेश में चुनाव के ऐलान को अब लगभग 6 महीने का ही समय बचा है और एक बार फिर मंत्रिमंडल और संगठन में फेरबदल की खबरें उड़ने लगी है. संगठन का खेमा इस बात को लेकर आश्वस्त नजर आता है कि पीसीसी अध्यक्ष मरकाम ही विधानसभा चुनाव कराएंगे और उन्हें कन्टीन्यू करने के संकेत मिल गए हैं.

हालांकि सत्ता से जुड़ा खेमा फेरबदल की बात से इंकार नहीं करता. एक चेहरा जो बार-बार चर्चा में आता है, वह अमरजीत भगत हैं. भगत सीतापुर के विधायक हैं और खाद्य मंत्री भी हैं. जाहिर है कि भगत को यदि संगठन में जिम्मेदारी दी जाती है तो उनसे मंत्री पद लिया जाएगा. ऐसे में मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर जिन चर्चाओं को पहले विराम दे दिया गया था कि अब कोई बदलाव नहीं होना है, वह गलत साबित होगी. आला नेताओं के दिल्ली में मौजूदगी को लेकर जो चर्चाएं हैं, उसे लेकर कुछ नेताओं का कहना है कि यदि संगठन में फेरबदल जैसी कोई बात होती तो मरकाम को भी दिल्ली बुलाया जाता।

### कर्नाटक में मिल सकती हैं जिम्मेदारी

*कांग्रेस के सामने अभी कर्नाटक चुनाव की बड़ी चुनौती है. कर्नाटक में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है. भाजपा से पहले कांग्रेस और जेडीएस की सरकार थी. ऐसे में यह भी संभव है कि छत्तीसगढ़ के नेताओं को कर्नाटक चुनाव में जिम्मेदारी देने के लिए बुलाया गया हो।*

## अमन सिंह देश छोड़कर नहीं जा सकते बाहर

**पति पत्नी दोनों के पासपोर्ट सरेंडर - विदेश जाने पर रोक**

रायपुर। डॉ. रमन सरकार के समय मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख रहे अमन सिंह को हाईकोर्ट से तो राहत मिल गई है, लेकिन ईओडब्लू ने अभी भी अपनी लगाम खींचकर रखी है।




हाईकोर्ट में जमानत याचिका मंजूर होने के बाद अब ईओडब्लू अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन को गिरफ्तार नहीं कर पाएगी, पर ईओडब्लू ने हर महीने की 4 तारीख को उपस्थिति दर्ज कराने की शर्त रखी है। वहीं अमन सिंह और उनकी पत्नी यास्मीन के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदित है कि डॉ. रमन सरकार में अमन सिंह उनके प्रमुख सचिव की हैसियत से छत्तीसगढ़ में पदस्थ थे। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज कराया गया था, जिस पर लंबे समय से जांच चल रही है। मामला ईओडब्लू के पास है, लिहाजा आज मंगलवार को अमन सिंह ईओडब्लू में पेश हुए, जहां उन्हें हर महीने की 4 तारीख को अपनी उपस्थिति दर्ज कराए जाने के लिए कहा गया है।

*वहीं हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद भले ही ईओडब्लू गिरफ्तार नहीं कर सकती, लेकिन ईओडब्लू ने उनके देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कहा गया है कि जब तक कोर्ट की अनुमति नहीं होगी, तब तक दोनों विदेश यात्रा नहीं कर पाएंगे। सूत्रों की मानें तो अमन सिंह और यास्मीन सिंह ने ईओडब्लू में अपना पासपोर्ट भी सरेंडर कर दिया है।*

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री ने हाटकेश्वर जयंती की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 05 अप्रैल को हाटकेश्वर जयंती की बधाई और शुभकामनाएं प्रदेशवासियों को दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आम जनता की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

#### संप्रग के दौरान भ्रष्टाचार के लिए दोषसिद्धि दर अधिक रही:सिब्बल

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने मंगलवार को दावा किया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में भ्रष्टाचार के लिए दोषसिद्धि की दर ज्यादा थी और उन्होंने पूछा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को कौन बचा रहा है. उनकी यह टिप्पणी तब आयी है जब एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कहा कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। सीबीआई के हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के लिए आज राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है और अधिकारियों को बगैर हिचकिचाहट के भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, भले ही वे कितने भी ताकतवर हों.

पुण्य पाने के लिए ठग कबूतरों को करता था आजाद

## 2 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्तार

**दुर्ग।** दुर्ग जिला मुख्यालय में काले मोती की माला बनाने की नेटवर्क कंपनी खोलकर 2 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले मास्टर माइंड ने कई चौंकाने वाली सच्चाई बताई। चॉइस सेंटर में रिश्वत देकर फर्जी दस्तावेज के आधार पर उसने गुमाश्ता लाइसेंस बनाया। इसी के जरिए ऑफिस खोला और धोखाधड़ी की। उसने बताया कि वह पुण्य पाने के लिए रोज दुकानों से कई कबूतर खरीदकर उन्हें उड़ा देता था।



दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने जब मुख्य आरोपी सानू कुमार पिता विजय कुमार (24) और उसके ड्राइवर संजय कुमार से पूछताछ की तो उन्होंने पूरे फ्राड के बारे में बताया। पहले उसने दुर्ग आते ही एक रिक्शा चलाने वाले को रोजाना छोड़ने और ले जाने के लिए बुक किया। इसके बाद उसका आधार कार्ड लेकर दिल्ली से फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया। इसी आधार पर उसने नई सिम लेने के साथ ही चॉइस सेंटर से 7 हजार देकर गुमाश्ता लाइसेंस बना लिया।

एसपी के मुताबिक सामान्य रूप से गुमाश्ता बनवाने में 4-5 सौ रुपए का खर्च आता है। अधिक रकम देने पर अधिकारी के पास बिना गए ही गुमाश्ता बन गया। इससे आरोपी शहर के बीच अपना कार्यालय खोल पाया और लोगों के साथ करोड़ों की ठगी कर पाया। फर्जी गुमाश्ता बनाने के मामले में निगम के कई अधिकारी पुलिस की रडार में आ गए हैं। इसके साथ ही चॉइस सेंटर की भी जांच करेगी।

*आरोपी सानू कुमार ने बताया कि वो शाकाहारी है। गरीब महिलाओं से ठगी के पैसों से वो रायपुर में लग्जरी फ्लैट लेकर रहता था। एक थार खरीदा था। उससे रोजाना दुर्ग अप डाउन करता था। इसके बाद स्टेशन रोड जाकर कबूतर की दुकान से हर दिन 100 से अधिक कबूतर खरीदता था और उन्हें वहीं उड़ा देता था। इसके उसने डेढ़ लाख से अधिक के कबूतर पुण्य कमाने के लिए उड़ा दिए।*

**इसके साथ ही वो हर दिन गाय को 25 किलो चावल भी खिलाता था।**

पत्नी ने दी तलाक की धमकी

*सानू कुमार ने अपनी पत्नी को बताया था कि वो फ्लिपकार्ड कंपनी में सुपरवाइजर है। जब उसकी पत्नी को पता चला कि वो ठग है और उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, तो उसने उससे तलाक लेने का फैसला कर लिया है। पत्नी ने सानू कुमार से कहा कि वो अपराधी के साथ जीवन नहीं जी सकती है। इसलिए वो उससे तलाक लेना चाहती है।*

छात्रावास में कोरोना विस्फोट

## 19 बच्चे संक्रमित मिलने से हड़कंप, स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की कांटेक्ट ट्रेसिंग

**धमतरी।** जिले में कोरोना के डराने वाले आंकड़े आ रहे हैं. नगरी ब्लॉक के एक छात्रावास में कोरोना विस्फोट हुआ है. यहां कुछ दिन पहले 11 और सोमवार को 8 कोरोना के मरीज मिले हैं. धमतरी में 19 स्कूली बच्चों के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कांटेक्ट ट्रेसिंग भी शुरू कर दी है। मामला नगरी कन्या छात्रावास का बताया जा रहा है, जहां की छात्रा सर्दी, खांसी की शिकायत होने पर सिविल अस्पताल नगरी में टेस्टिंग के लिए गए थे. एंटीजन टेस्ट करने के बाद 19 छात्राएं कोरोना पाजिटिव मिली हैं. वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम कन्या छात्रावास में अन्य छात्राओं का टेस्ट कर रही है.




आपको बता दें कि धमतरी जिले में 85 दिनों तक एक भी कोरोना मरीज नहीं मिले. इधर 92 दिन बाद धमतरी में लगातार मरीज मिल रहे। नगरी बीएमओ डॉ. डीआर ठाकुर ने बताया कि कन्या छात्रावास नगरी की छात्राएं सर्दी खांसी के शिकायत के बाद अस्पातल चेकअप के लिए आए थे. यहां कोरोना एंटीजन टेस्ट करने पर 19 छात्राओं का रिपोर्ट पाजिटिव आई है.

सोनू सूद ने किया छत्तीसगढ़ सरकार को ट्वीट

### गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्ची का इलाज शुरू

**रायपुर।** बस्तर की बेटी एक लाइलाज बीमारी से जूझ रही है. माता पिता के पास इतना पैसा नहीं है कि उसका इलाज करा सके. इस बच्ची का नाम जागेश्वरी है.जिसे ट्री मैन सिंड्रोम नाम की बीमारी है.इस बीमारी में शरीर की चमड़ी पेड़ की छाल के जैसे सख्त होने लगती है. जैसे ही इस बच्ची से जुड़ी न्यूज एक्टर सोनू सूद ने देखी.उन्होंने तुरंत छत्तीसगढ़ सरकार को ट्वीट के माध्यम से बच्ची को इलाज देने की अपील की. इस ट्वीट के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन हरकत में आया. जिसके बाद जागेश्वरी को इलाज के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज में लाया गया है।

## शंकर नगर रोड में मचा हड़कंप, युवक ने की सुसाइड की कोशिश

**रायपुर।** राजधानी के शंकर नगर में एक युवक ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया. करेंट की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. यह ड्रामा लगभग 20 मिनट तक चला. घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इक्ठा हो गई. आसपास के लोगों ने डंडे के सहारे बिजली कनेक्शन बंद किया. घटना की सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची. ष्टस्श्वक्क की टीम ने बिजली सप्लाई रोककर युवक को ट्रांसफार्मर से निचे उतारा. युवक को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है।



*जानकारी के अनुसार, यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है. शंकर नगर मेन रोड स्थित ट्रांसफार्मर पर अचानक युवक चढ़ गया. बिजली सप्लाई बंद करवा कर युवक को ट्रांसफार्मर से नीचे उतारा गया और तुरंत गंभीर हालत में एम्बुलेंस की मदद से हॉस्पिटल ले जाया गया. व्यक्ति का नाम संजू बघेल शक्तिनगर निवासी बताया जा रहा है. घटनास्थल पर पहुंचे परिवार के सदस्य ने बताया वह बीमारी से ग्रसित है. वहीं पुलिस मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।*

रायपुर में 16 अप्रैल को बड़ा आंदोलन

## जनजाति सुरक्षा मंच ने कहा- दूसरा धर्म अपनाए आदिवासियों का खत्म हो आरक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धर्म परिवर्तन को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच 16 अप्रैल को आंदोलन और महारैली करेगा। यह रैली राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के सामने से निकलेगी।




इसे लेकर जनजाति सुरक्षा मंच ने राजधानी रायपुर के स्वदेशी भवन में पत्रकार वार्ता ली। इस दौरान मंच ने डिलिस्टिंग की मांग की है। उसका कहना है कि यह आंदोलन और महारैली जनजातीय समाज के ऐसे वर्ग के लोगों के लिए किया जाएगा, जो ईसाई या इस्लाम धर्म कबूल कर चुके हैं। मंच की मांग है कि ऐसे लोगों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी से बाहर किया जाए। इसके लिए आवश्यक संवैधानिक संशोधन किए जाए।

छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में धर्म परिवर्तन करने वाले ऐसे लोग हैं, जो मूल जनजाति के आरक्षण की सुविधा ले रहे हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ के जनजातियों के साथ-साथ देश के करोड़ों जनजातियों के साथ हो रहे अन्याय को रोका जाए और धर्मांतरितों को डी-लिस्ट किया जाए। छत्तीसगढ़ सहित भारत में धर्मांतरण स्वतंत्रता के पूर्व से ही भारत के अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। छत्तीसगढ़ के लोगों का धर्म परिवर्तन करना कोई नया नहीं हैं।

वाईरस... तेजी से लौट रहा कोरोना

## महाराष्ट्र में 24 घंटे में 186प्रतिशत बढ़े मामले, कई लोगों की मौत

मुंबई ए.। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित रहे महाराष्ट्र में एक बार फिर से मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में 186 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए महाराष्ट्र में मंगलवार को 711 नए कोविड मामले दर्ज किए गए।



पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से चार लोगों की मौत भी हुई है। सतारा जिले में 2, पुणे में 1 और एक मौत रत्नागिरी में दर्ज की गई है। एक दिन पहले कुल 248 मामले दर्ज किए गए थे। राज्य में पिछले सात दिनों में 11 मौतें हुई हैं। राज्य में मृत्यु दर वर्तमान में 1.82 प्रतिशत है।

मामले में उछाल के बीच महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने मंगलवार को जानकारी दी कि राज्य अगले सप्ताह (13 और 14 अप्रैल) मॉक ड्रिल आयोजित करेगा। उन्होंने कहा, जैसा कि केंद्र सरकार ने सुझाव दिया है, हम 13-14 अप्रैल को राज्य में अपनी कोविड तैयारियों के लिए एक मॉक ड्रिल आयोजित करने जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में बूस्टर शॉट्स की कमी

*वहीं बूस्टर शॉट्स की कमी और मुंबई व राज्य में कोविड मामलों के बढ़ने के बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। कोविड-19 के प्रकोप की शुरुआत में, मुंबई और महाराष्ट्र सबसे ज्यादा प्रभावित थे। राज्य के अनुसार, 3 अप्रैल को मुंबई में 1,079 और पूरे महाराष्ट्र में 3,532 सक्रिय मामले दर्ज किए गए। छह जिलों की संक्रमण दर 10% से अधिक है। भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,038 नए मामले आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,47,29,284 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 21,179 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से दिल्ली तथा पंजाब में दो-दो और जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,30,901 हो गई। वहीं, संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनर्मिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में दो नाम और जोड़े हैं।*

कांग्रेस के दिल्ली दौरे पर चंद्राकर का तंज

## दौरे के दो करण, पहला- सिंहदेव बनना चाहते हैं सीएम और दूसरा...

रायपुर। भाजपा नेता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के दिल्ली दौरे को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, मुझे दौरे के दो करण लग रहे हैं। पहला यह कि राहुल गांधी की सदस्यता खत्म हो गई है। अजय चंद्राकर ने कहा कि, दूसरा कारण यह है कि मंत्री टीएस सिंहदेव कह चुके हैं मेरी मुख्यमंत्री बनने की इच्छा है।



सब के सब इसमें लगे हैं कि चलते-चलते कुछ हो जाए। प्रदेश अध्यक्ष बदलने जाने के सवाल पर श्री चंद्राकर ने कहा कि, मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष के कद नहीं है। उनसे ज्यादा आरईएस अधिकारी भारी है। उन्होंने सदन में सवाल किया तो सरकार नाराज हो गई। वह हटे ना हटे उससे क्या फर्क पड़ता है। मकान भी छोड़ रहे हैं। साथ ही सोनिया गांधी की तबीयत भी थोड़ी खराब है। उनके देखभाल करने, व्यवस्था करने क्योंकि छत्तीसगढ़ कांग्रेस की दृष्टि से उर्वरक प्रदेश है, तो उसके लिए वह गए हैं।

# सफेद कोट, तमतमाते चेहरे और कुछ सवाल, आखिर इस कानून में गलत क्या है ?

कई बार अखबारी सुर्खियां आपस में टकरा जाती हैं और पाठकों का काम आसान कर देती हैं। बीते हफ्ते दो बड़ी खबरें ऐसी ही देखने को मिलीं। एक खबर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के न्यूरोसर्जन के खिलाफ सीबीआई कार्रवाई की थी, जिसमें पर्दाफाश हुआ कि डॉक्टर साहब बिचौलियों की मदद से जल्दी ट्रीटमेंट की एवज में गरीब मरीजों से मोटी रिश्वत वसूलने का रैकेट चला रहे थे।

दूसरी खबर राजस्थान में डॉक्टरों और निजी अस्पतालों की हड़ताल की थी, जो मरीजों को नि:शुल्क इलाज की गारंटी देने वाले नए कानून के विरोध में आयोजित की गई।

पहली खबर से पता चलता है कि खुद को प्राइवेट अस्पतालों के हाथों में सौंप चुके भारतीय चिकित्सा तंत्र में एक आम मरीज आज कितना मजबूर और अकेला है। दूसरी खबर ने बताया कि अगर उस मरीज को थोड़ा समर्थ बनाने की कोशिश होगी, तो रास्ते में कैसी अड़चनें आएंगी। हैरानी यह देखकर हुई कि दोनों खबरों की पटकथा में सफेद कोट धारण करने वाले धरती के कथित भगवान जो भूमिका निभाते दिखे, उनमें गरीब मरीजों के लिए कोई करुणा नहीं थी।

वे बस अपने-अपने बिजनेस मॉडलों की फिक्र करते दिखाई पड़े। विगत 21 मार्च को राजस्थान विधानसभा ने उस चिकित्सा का अधिकार विधेयक को पारित कर दिया, जिसे पिछले साल सितंबर में सदन में रखा गया था। विधेयक का मर्म यह है कि राजस्थान के सभी सरकारी अस्पतालों और चुनींदा निजी अस्पतालों में सभी मरीजों को ओपीडी सेवाएं भी नि:शुल्क मिलेंगी। यानी जिस तरह सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों को पूर्णत: निशुल्क इलाज मिलता है, उसी तरह बहिर्रोगी विभागों (ओपीडी) में परामर्श के लिए आने वाले रोगियों को भी मुफ्त इलाज मिलेगा। यह कानून एक सीमा से अधिक बिस्तर क्षमता वाले बड़े निजी अस्पतालों पर लागू किया गया है।

निजी अस्पताल और डॉक्टर इन्हीं प्रावधानों से खफा होकर आंदोलन पर चले गए। उनकी दलील है कि मुफ्त इलाज तो दे देंगे, लेकिन बाद में बिलों की प्रतिपूर्ति यानी भरपाई के लिए




*चिकित्सा का अधिकार लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा राजस्थान इन दिनों अपने नाराज डॉक्टरों को मनाने की जद्दोजहद में है। दुखद है कि भगवान माने जाने वाले डॉक्टर इस मौके पर बड़ा दिल दिखाने के बजाय मरीजों और तीमारदारों को असहाय छोड़ने का रास्ता अपनाते नजर आए।*

सरकारी महकमों के बाबुओं के चक्कर कौन लगाएगा। क्या प्रतिपूर्ति की सरकारी दरें पर्याप्त होंगी, भुगतान की समय-सीमा क्या होगी और चिकित्सकों की पेशेवर दक्षता के स्तर के साथ कितना इंसाफ हो पाएगा-ऐसे सवाल भी उनके समर्थन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पेश किए हैं। साथ ही यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि गहलोत सरकार चुनावी लाभ के लिए यह कानून लेकर आई है। इसके विपरीत चिकित्सा का अधिकार कानून के समर्थन में भी कई दलीलें सामने आई हैं। एक तो यही कि सितंबर, 2022 में विधेयक लाने के बाद सरकार लगातार डॉक्टरों के संपर्क में थी और उनके सुझावों के मुताबिक विधेयक में संशोधन भी हुए। लेकिन निजी अस्पतालों की सभी मांगों को ज्यों का त्यों मानना मुमकिन नहीं है। दूसरी बात यह कि अभी कानून के नियम-कायदों को तैयार करने का काम चल रहा है, लिहाजा अंतिम रूप से कानून के सामने आने से पहले हड़ताल जैसा अतिवादी फैसला ठीक नहीं था। तीसरी बात, लालफीताशाही या इंस्पेक्टर राज की दुहाई देकर तो किसी भी योजना का विरोध किया जा सकता है। चौथी बात, सभी नागरिकों के लिए सार्वभौमिक चिकित्सा का वादा अगर कांग्रेस के घोषणापत्र में था, तो इस कानून में गलत क्या है?

उपरोक्त दोनों खबरों पर विचार करने से समझ में आ जाता है कि महंगा इलाज और अस्पतालों की मनमानी अब राष्ट्रीय हकीकत है। पिछले दो दशकों में देश के चिकित्सा ढांचे पर निजी क्षेत्र लगातार हावी हुआ है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-3 के मुताबिक, भारतीय शहरों के 70 फीसदी और ग्रामीण इलाकों के 63 फीसदी लोग निजी अस्पतालों की सेवाएं ले रहे थे। आज देश के 80 प्रतिशत डॉक्टर निजी क्षेत्र में काम कर रहे हैं। आधे मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराते हैं। मुल्क के 70 फीसदी अस्पताल और 60 फीसदी दवाखाने निजी स्वामित्व वाले हैं। हर तीन में से दो बिस्तर किसी निजी अस्पताल में होते हैं। यानी चिकित्सा तंत्र का दो-तिहाई निजीकरण हो चुका है। आधी से ज्यादा आबादी आज भी स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा कवच से वंचित है और जमीन-जायदाद बेचकर इलाज कराने को मजबूर है। सवाल यही है कि जब सरकारी अस्पतालों तक में भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं, तो उन निजी अस्पतालों में क्या हाल होगा, जो घोषित तौर पर मुनाफे के आधार पर चलते हैं?

एक तरफ वस्तुस्थिति यह है, तो दूसरी ओर संविधान के अनुच्छेद 21 में स्वस्थ जीवन जीने के मूलभूत अधिकार की बात कही गई है। स्वास्थ्य से जुड़े सतत विकास लक्ष्य को समय पर पूरा करने में भारत पिछड़ रहा है। ऐसे में सरकारें गरीब नागरिकों की सुनें या निजी अस्पतालों की। हमें नहीं भूलना चाहिए कि इससे पहले भी सरकारें बड़े फैसले लेती रही हैं। सबसे ठोस और ऐतिहासिक तो दस करोड़ परिवारों को पांच लाख रुपये तक के इलाज का भरोसा देने वाली केंद्रीय आयुष्मान बीमा योजना ही है, हालांकि आलोचकों ने उसमें भी कमियां निकालीं हैं।

संजय अभिज्ञान

## संपादकीय

### न्यायपालिका की फटकार

नफरती भाषणों के साक्ष्य किसी याचिकाकर्ता को क्यों इकट्ठे करने चाहिए? सरकार अगर मानती है कि सभी धर्मावलंबियों की तरफ से नफरती भाषण दिए जा रहे हैं, तो वह खुद इनके साक्ष्य इकट्ठा कर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है? कभी न्यायिक टिप्पणियों को सरकार की जवाबदेही तय करने का एक प्रमुख माध्यम समझा जाता था। प्रतिकूल टिप्पणियां सरकारों की शर्मिंदगी का कारण बनती थीं और कई बार तो मंत्रियों को इनकी वजह से इस्तीफा देने की नौबत आ जाती थी। लेकिन यह तब की बात है, जब भारतीय लोकतंत्र को एक जीवंत प्रयोग के रूप में देखा जाता था। अगर वह दौर होता, तो नफरती भाषणों के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणियां केंद्र सरकार के लिए मुसीबत का सबब बन जातीं। आखिर कोर्ट ने यह कह दिया कि ऐसे भाषणों को रोकने में सरकार निशक्त साबित हुई है। एक जज ने यह सवाल भी उठाया कि अगर यह सब खुलेआम चल रहा है, तो आखिर सरकार है किसलिए? पिछले साल अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा था कि संविधान भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखता है। कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को अभद्र भाषा के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था। जबकि ताजा मामले में याचिकाकर्ता की तरफ से महाराष्ट्र में कई रैलियों में दिए गए नफरती भाषणों के संबंध में प्रकाशित समाचार का हवाला दिया। तब कोर्ट की बेंच ने कहा- हम समझते हैं कि क्या हो रहा है, यह गलत समझ नहीं बननी चाहिए कि हम चुप हैं। सरकार की तरफ से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल ने मामले को दूसरी दिशा देने की कोशिश की।

# क्या राजस्थान को इस बार मिल जायेगा पहला जाट मुख्यमंत्री ?

राजस्थान के जयपुर में पिछले दिनों जाट महाकुंभ का आयोजन किया गया था। जिसका उद्देश्य पूरी तरह राजनीतिक था। आठ महीने बाद राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने हैं। जाट समाज का प्रदेश की राजनीति में बहुत प्रभाव है। इस सम्मेलन का उद्देश्य राजनीति में जाट समाज की भागीदारी को बढ़ाना था। राजस्थान में लोकसभा के 6 व विधानसभा के करीबन 33 सदस्य जाट समुदाय से आते हैं।

राजस्थान में जाट समाज की आबादी भी 12 प्रतिशत से अधिक है। इतना अधिक प्रभाव होने के बाद भी आज तक राजस्थान में जाट मुख्यमंत्री नहीं बन सका है। इसी बात को लेकर जाट समाज के लोगों में नाराजगी है। राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, भरतपुर, नागौर, अजमेर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई जिलों में जाट समाज का बहुत प्रभाव है। इन जिलों के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जाट मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जिस तरफ जाट समाज का झुकाव होता है उसी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत होती है।

संख्या में सबसे अधिक होने के उपरांत भी जाट समाज के नेताओं को राजनीति में पर्याप्त महत्व नहीं मिल पाया है। राजस्थान के जाट मतदाता पांच दशक तक लगातार कांग्रेस पार्टी



झुंझुनू जिले से आने वाले जाट समाज के जगदीप धनखड़ देश के उपराष्ट्रपति हैं। बाड़मेर से सांसद कैलाश चौधरी केंद्र सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री हैं। केंद्र सरकार में कोई जाट नेता कैबिनेट मंत्री नहीं है। जबकि पूर्व में कई जाट नेता कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

को एक तरफा समर्थन देते रहे थे। देश की आजादी के बाद रियासतों को समाप्त करने से जाट समाज का जुड़ाव कांग्रेस से हो गया था। राजस्थान में जाट समाज कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता था। जाट समाज के कई ऐसे बड़े नेता हुए जो प्रदेश व देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।

बलदेव राम मिर्धा बड़े नेता थे जिन्होंने जाट समाज के लोगों को संगठित करने का काम किया था। देश की आजादी के बाद राजनीति में कुंभाराम आर्य, सरदार हरलाल सिंह, नाथूराम मिर्धा, रामनिवास मिर्धा, परसराम मदेरणा, कमला, दौलत राम सारण, सुमित्रा सिंह, रामनारायण चौधरी, शीशराम ओला, शिवनाथसिंह गिल, रामदेव सिंह महरिया, डॉक्टर हरिसिंह, नारायण सिंह, कामरेड संपत सिंह, मनफूल सिंह भादू, हेमाराम चौधरी, महादेव सिंह खंडेला, नटवर सिंह, बलराम जाखड़, लालचंद कटारिया, नरेंद्र बुडानिया, सांवरलाल जाट, राजा मानसिंह, महाराजा विश्वेंद्र सिंह, हनुमान बेनीवाल, कैलाश चौधरी, गोविंद सिंह डोटासरा, सतीश पूनियां जैसे बड़े व प्रभावी जाट नेता रहे हैं। जिन्होंने अपनी-अपनी पार्टियों में बड़े पदों पर रहकर राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

एक समय में तो चौधरी कुंभाराम आर्य, नाथूराम मिर्धा, परसराम मदेरणा जैसे दिग्गज जाट नेता थे जिनकी बात को टालने की हिम्मत किसी मुख्यमंत्री में भी नहीं होती थी। चौधरी कुंभाराम आर्य तो इतने प्रभावशाली नेता थे कि कलेक्टरों तक कि उनके चैंबर में जाने की हिम्मत नहीं होती थी। उनका आम जनता पर बहुत प्रभाव था। इसी कारण वह बार-बार क्षेत्र बदलकर चुनाव जीतते थे। इतना प्रभाव होने के उपरांत भी मुख्यमंत्री बनने का उन्हें कभी मौका नहीं मिल सका। 1973 में पहली बार जाट नेता रामनिवास मिर्धा मुख्यमंत्री पद के दावेदार बने थे। मगर हरिदेव जोशी के सामने वह एक वोट से हारने के कारण मुख्यमंत्री बनने से रह गए थे। इसी तरह 2008 में शीशराम ओला ने अशोक गहलोत के सामने मुख्यमंत्री पद की दावेदारी जतायी थी। मगर अधिक विधायकों का समर्थन नहीं होने से वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए। इसके अलावा कभी जाट नेताओं ने सीधे मुख्यमंत्री पद की लड़ाई भी नहीं लड़ी। आज के समय में तो कांग्रेस हो या भाजपा या अन्य कोई राजनीतिक दल किसी में भी बड़े कद का कोई जाट नेता नहीं है जो मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल हो सके। कांग्रेस ने गोविंद सिंह डोटासरा को प्रदेश अध्यक्ष बना रखा है।

रमेश सर्राफ

## मिला जुला

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर CEC की बैठक

# दिल्ली कार्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और खड़गे समेत कई नेता मौजूद

कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दिल्ली में मंगलवार को कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी की बैठक हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत बैठक में राहुल गांधी और सीनियर लीडर मौजूद हैं। कर्नाटक में 10 मई को चुनाव होने वाले हैं।

**बेंगलूरु.** बैठक में चुनाव कैंपेन और बाकी बची सीटों को लेकर घोषणा हो सकती है। पार्टी ने विधानसभा की 224 सीटों में से अब तक 124 सीटों पर कैंडिडेट के नाम तय कर दिए हैं। बाकी की 100 सीटों के लिए आज उम्मीदवारों का ऐलान होने की संभावना है। आज शाम या रात तक उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की जा सकती है।

वहीं बैठक से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि कमेटी सबकी सहमति से फैसला लेगी। ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा जो जीत सकते हैं या कम से कम दूसरी पार्टी को टक्कर दे सकते हैं।

#### पार्टी को वोट बंटने का डर

कर्नाटक में सत्ता विरोधी रुझान को देखते हुए कांग्रेस ने खास तवज्जो वाली 159 सीटों की पहचान की है। इनमें ऐसी भी सीटें हैं, जहां




जीत-हार का अंतर बहुत कम था या 50 फीसदी से ऊपर कोई उम्मीदवार वोट हासिल नहीं कर पाया था। इन पर वह पूरा जोर लगाकर पिछली हार के नतीजों को उलटने और भाजपा को मात देने की तैयारी कर रही है। पार्टी की रणनीति यह है कि इन सीटों पर वोटों का बंटवारा न हो पाए।

कांग्रेस इसके लिए छ्वष्ठस् के साथ अनौपचारिक गठजोड़ की दिशा में भी बढ़ रही है कि जहां वोट विभाजन से भाजपा को फायदा हो सकता है। वहां दोनों में से एक दल पूरी ताकत नहीं लगाएगा। इन खास सीटों में से 78 वे सीटें भी शामिल हैं जिन पर बीते चुनाव में जीत मिली थी। तब 65 सीटें ऐसी थीं, जहां भाजपा और छ्वष्ठस् ने 50त्र से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी, जबकि बाकी 150 से अधिक सीटों में से 27 सीटों पर कांग्रेस 50त्र से ज्यादा मतों से जीती थी।

### चीन ने अरुणाचल की 11 जगहों के नाम बदले

# 5 साल में तीसरी बार ऐसी हरकत, भारत ने कहा- नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलती

**चीन** ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए हैं। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन की इस हरकत पर पलटवार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है- हमारे सामने चीन की इस तरह की हरकतों की रिपोर्ट्स पहले भी आई हैं। हम इन नए नामों को सिरे से खारिज करते हैं।अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

#### कांग्रेस बोली - चीन की इस हरकत के लिए पीएम जिम्मेदार

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने चीन के अरुणाचल की जगहों का नाम बदलने का जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ठहराया है। कांग्रेस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि पीएम मोदी ने जून 2020 में चीन को क्लीन चिट दे दी थी। अब हमें उसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। चीन की सेना देसपांग के मैदान में भारत के पैट्रोलिंग के अधिकारों को खारिज कर रही है। जबकि पहले इस इलाके में बिना रोक टोक भारत की पहुंच थी।

ईटानगर के नजदीकी इलाके का नाम भी बदला दरअसल, चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश को भारत के राज्य के तौर पर मान्यता नहीं दी। वो अरुणाचल को 'दक्षिणी तिब्बत' का हिस्सा बताता है। उसका आरोप है कि भारत ने उसके तिब्बती इलाके पर कब्जा करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक- सोमवार को चीन की सिविल अफेयर मिनिस्ट्री ने 11 नाम बदले जाने को मंजूरी दे दी। यह सभी इलाके जेंगनेन (चीन के दक्षिण राज्य शिजियांग का हिस्सा) में आते हैं। इनमें से 4 रिहायशी इलाके हैं। इनमें से एक इलाका अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से बेहद करीब है। 5 पहाड़ी क्षेत्र और दो नदियां हैं। चीन ने इन इलाकों के नाम मन्दारिन और तिब्बती भाषा में रखे हैं।

**नाम बदलने के पीछे चीन का क्या दावा है?**

2021 में चीन ने अरूणाचल प्रदेश की 15 जगहों के नाम बदले थे। इनमें से 8 रिहायशी इलाके थे, 4 पर्वत, 2 नदियां और एक पहाड़ों से निकलने वाला रास्ता था। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है इसका अंदाजा वहां के रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है। 2015 में चाइनीज अकेडमी ऑफ सोशल साइंस के रिसर्चर झांग योंगपान ने ग्लोबल टाइम्स को कहा था, जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से रही हैं।

# आतंकी ग्रुप ने कश्मीर के RSS लीडर्स को धमकी दी

### रेजिस्टेंस फ्रंट ने 30 नेताओं की टारगेट लिस्ट जारी की, कहा- खून बहाएंगे

**श्रीनगर.** आजादी के 7 दशकों बाद भी पाकिस्तान खुश नहीं है। उसे अब यह भरोसा हो गया है कि बंटवारा एक भूल थी। भागवत के इसी बयान पर आतंकियों ने धमकी दी है। आतंकी ग्रुप %द रेजिस्टेंस फ्रंट% ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के संघ नेताओं को धमकी दी है। रेजिस्टेंस फ्रंट ने 30 लीडर्स के नामों की लिस्ट जारी की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक फ्रंट ने कहा है कि हम इन नेताओं का खून बहाएंगे।

आतंकी ग्रुप की यह धमकी संघ प्रमुख मोहन भागवत के 1



अप्रैल को दिए गए बयान के बाद आई है। भागवत ने कहा था- आजादी के 7 दशकों बाद भी पाकिस्तान खुश नहीं है। उसे अब यह भरोसा हो गया है कि बंटवारा एक भूल थी। अखंड भारत एक सच था और बंटा हुआ भारत एक बुरा सपना।

#### भागवत ने कहा था- जो भारत से अलग हुए, क्या वो खुश हैं?

भागवत ने कहा था कि अखंड भारत यानी अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और तिब्बत यह एक साथ थे। बंटा हुआ भारत बुरा सपना है। ये 1947 के पहले का भारत था। जो लोग जिद के चलते भारत से अलग हुए, क्या वे खुश हैं? वहां आज दर्द है। भारत में खुशी है।

# हुगली में फिर हिंसा, रिसड़ा रेलवे स्टेशन के बाहर पथराव- रात 10 बजे से तीन घंटे बंद रही ट्रेनें, गवर्नर दार्जिलिंग से रिसड़ा पहुंचे

**सोमवार** देर रात हुगली के रिशरा इलाके में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। यहां सड़कों पर पत्थर फैले नजर आ रहे हैं। पुलिस हालात का जायजा ले रही है।

पश्चिम बंगाल में रामनवमी से शुरू हुई हिंसा अब भी जारी है। हुगली के रिसड़ा इलाके में सोमवार देर रात रेलवे स्टेशन के बाहर पथराव हुआ। पूर्वी रेलवे के मुख्य क्क्रह्ल कौशिक मित्रा ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात 10 बजे से 1 बजे तक हावड़ा-बैंडल रूट पर सभी लोकल, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया। घटना के बाद रिसड़ा स्टेशन के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। वहीं, हुगली में हिंसा के बाद राज्य के




गवर्नर सीवी आनंद बोस ने दार्जिलिंग का अपना प्रोग्राम रद्द कर दिया है और कोलकाता के लिए रवाना हो गए। वे यहां से सीधे रिसड़ा पहुंचे और घटनास्थल का दौरा किया।

**बोस ने कहा**- उपद्रवियों को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। सभी एजेंसियों और पुलिस फोर्स अपना काम कर रही हैं। बंगाल लंबे समय से ऐसी घटनाओं से पीड़ित है, हम इसका अंत करेंगे।

पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी लेते हुए।

पश्चिम बंगाल के गवर्नर सीवी आनंद बोस पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी लेते हुए।

ममता की अपील- 6 अप्रैल के लिए अलर्ट रहें

राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को हिंदू भाई-बहनों से अपील की कि वे रमजान के महीने में मुस्लिमों की रक्षा करें। ममता ने यह अपील 6 अप्रैल को हनुमान जयंती से पहले की है। ममता ने कहा कि मैं 6 अप्रैल के लिए अपने लोगों के लिए अलर्ट जारी करना चाहूंगी। हम बजरंगबली का सम्मान करते हैं, लेकिन भाजपा इस आयोजन की आड़ में दंगे कराने की योजना बना सकती है।

पश्चिम बंगाल के रिसड़ा में तैनात पुलिस बल। यहां बीते दो दिन से हिंसक घटनाएं हो रही हैं।

पश्चिम बंगाल के रिसड़ा में तैनात पुलिस बल। यहां बीते दो दिन से हिंसक घटनाएं हो रही हैं।

### मनाली में बर्फबारी

#### अप्रैल में दिसंबर-जनवरी जैसी ठंड; सड़कों पर भी बर्फ जमी, फिसल रही गाड़ियां



**पतली.** हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर से बर्फबारी की खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं। बर्फ से लकदक पहाड़, सड़कों पर स्किड होती गाड़ियां और अप्रैल में दिसंबर-जनवरी जैसी ठंड ने नजारों को खूबसूरत बना दिया है। सैलानी अटल टनल रोहतांग देखने के लिए पहुंचे, लेकिन वे टनल तक पहुंच नहीं पाए। ताजा बर्फबारी के चलते रास्ता ब्लॉक रहा, इसलिए टूरिस्टों ने मनाली में ही मस्ती की। मौसम के अचानक करवट बदलने से प्रशासन ने टनल सहित रोहतांग जाने पर रोक लगा दी है।

# अरपा के पुनर्जीवन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेषज्ञों द्वारा विचार विमर्श

*बिलासपुर । कलेक्टर बिलासपुर सौरभ कुमार एवं गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही की कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया की संयुक्त अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा न्यायालय में प्रचलित पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन के तहत अरपा रिवाइवल प्लान हेतु गठित विशेषज्ञ समूहों की उपस्थिति में अरपा को पुनर्जीवित एवं प्रवाहपूर्ण बनाए रखने के लिए आज बैठक हुई।*




जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयश्री जैन, एडीएम आर.ए. कुरुवंशी, नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत, समिति के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील ओटवानी, इकोलॉजिस्ट नीरज तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर सौरभ कुमार ने कहा कि अरपा नदी को पुनर्जीवित करने के लिये बनाई जा रही कार्ययोजना का शत प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है, जिससे अरपा नदी फिर से सदानीरा हो सके। उन्होंने अब तक हुए कार्यों की जानकारी विभागों से ली। बैठक में कार्ययोजना के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों और इसके समाधान के लिए विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने अरपा रिवाइवल कार्य योजना से जुड़े आवश्यक दस्तावेज 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि माननीय उच्च न्यायालय को कार्य योजना की प्रगति से अवगत करा सकें। कलेक्टर ने अरपा नदी के रिवाइवल के लिए स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने को कहा।

इकोलॉजिस्ट नीरज तिवारी ने बताया कि अरपा रिवाइवल प्लान का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने इससे सम्बंधित दस्तावेज विभागों से उपलब्ध करने की बात कही। उन्होंने इस कार्य में आ रही दिक्कतों और शंकाओं से संबंधित विभागों को बिंदुवार अवगत कराया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अरपा नदी को जीवंत बनाए रखने के लिए कुल 19 योजनाओं का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार अरपा की सहायक नदियों और नालों में 97 सिंचाई योजनाओं का निर्माण किया गया है। इनके निर्मित होने से अरपा नदी का जल स्तर बढ़ा है, साथ ही दोनों तटों के पास स्थित शहरों एवं गांवों में जल स्तर में सुधार आया है। इससे ग्रामवासियों की पेयजल और निस्तारी की समस्या दूर हुई है। इसके अलावा अरपा नदी में चार निर्माणाधीन योजनाएं अरपा भैसाझार बैराज, शिव घाट बैराज योजना, पचरी घाट बैराज योजना और अरपा नदी पर कछार के पास डाइक निर्माण का कार्य प्रगति पर है। निर्माणाधीन शिव घाट बैराज एवं पचरी घाट बैराज के बन जाने से शहरी क्षेत्र के भूजल में सुधार आएगा और शहरवासियों को अरपा नदी में बारहों महीने जलभराव का लाभ मिलेगा। वर्ष 2023-24 के बजट में अरपा नदी पर 20 योजनाओं की स्वीकृति का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर ने बैराज सहित अन्य चल रहे कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा योजना से जुड़े अन्य विभागों ने अपने कार्य प्रगति से अवगत कराया।

# दुर्लभ बीमारी के इलाज हेतु जागेश्वरी को मिला शासन- प्रशासन का सहारा





**दंतेवाड़ा।** आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिले, इसके लिए शासन प्रशासन प्रतिबद्ध है शासन का हमेशा प्रयास रहा है कि अंदरूनी क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले। इक्थ्योसिस हिस्ट्रिक्स( ट्री मेन सिंड्रोम) इस दुर्लभ बीमारी से पीड़ित जिला दंतेवाड़ा की रहने वाली जागेश्वरी के बेहतर उपचार के लिए जिला प्रशासन की पहल पर अब उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा गया है ज्ञात है कि 3 वर्ष पूर्व ग्राम पाहुनर हेल्थ कैंप के दौरान दुर्लभ बीमारी से पीड़ित जागेश्वरी सामने आई थी। जहां उसे जिला प्रशासन की पहल पर मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा गया था लगभग डेढ़ माह से अधिक मेडिकल कॉलेज रायपुर में जागेश्वरी का बेहतर उपचार एवं प्रबंधन किया गया इसके पश्चात जागेश्वरी को मेडिकल कॉलेज से छुट्टी दे दी गई। किंतु इस लाइलाज बीमारी जागेश्वरी को जकड़ लिया। प्रशासन द्वारा इलाज संबंधी सहायता लगातार जागेश्वरी के घर पहुंचाया गया। इसके बाद लगातार स्वास्थ विभाग के द्वारा जागेश्वरी को उपचार के लिए रायपुर भेजने के लिए आग्रह किया गया। किंतु पारिवारिक कारणों के कारण जागेश्वरी रायपुर नहीं जा पा रही थी। सोमवार को कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में स्वास्थ विभाग की टीम के द्वारा जागेश्वरी के ग्राम कौरगांव पहुंचकर उसे एंबुलेंस के माध्यम से दंतेवाड़ा जिला चिकित्सालय लाया गया ।जहां प्रारंभिक उपचार के पश्चात उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है ।जागेश्वरी के साथ दंतेवाड़ा से स्वास्थ विभाग का दल भी भेजा गया है जो जागेश्वरी के साथ वहां रहकर उसका बेहतर उपचार एवं देखरेख करेगा। जागेश्वरी के इलाज के लिए समस्त आवश्यक खर्च स्वास्थ विभाग के द्वारा किया जाएगा।

# घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर कार्रवाई



**बिलासपुर ।** शहर में खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सड़क किनारे फास्ट फूड के ठेले लगाने वालों पर घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग करने पर कार्रवाई की गई। इस दौरान अरपा रिवर व्यू किनारे संचालित हो रहे फास्ट फ़ूड केन्द्रों की जाँच की गयी। जांच में राव जी फ़ास्ट फूड सेंटर में एक नग घरेलू सिलेण्डर, बजरंगी चाट सेंटर में चार नग, न्यू माई सेंटर में दो नग, द चाय स्टोरी सेंटर में एक नग, श्री नाथ पाव भाजी सेंटर में एक नग, मातेश्वरी दाबेली एवं पाव भाजी सेंटर में दो नग, न्यू स्टैण्डर्ड चाट कार्नर में एक नग घरेलू सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग होना पाया गया। द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस 2000 अंतर्गत घरेलू गैस के दुरुपयोग किये जाने सम्बन्धी मामलों की जाँच हेतु खाद्य नियंत्रक बिलासपुर के निर्देश में सहायक खाद्य अधिकारी ओंकार सिंह ठाकुर तथा खाद्य निरीक्षकगण धीरेन्द्र कश्यप, अब्दुल कादिर खान एवं मंगेश्कांत द्वारा कार्रवाई की गई।

द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस 2000 में विहित प्रावधान अनुसार व्यावसायिक उपयोग हेतु नीले रंग की 19 किग्रा. क्षमता वाली एवं घरेलू उपयोग हेतु लाल रंग की 14.2 किग्रा. क्षमता वाली गैस सिलेण्डर उपयोग किया जाता है।

शक्ति नहीं भक्ति होगी

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी विशाल मोटर साईकिल रैली

**राजनांदगांव।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जयंती आयोजन समिति के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव 2 दिवसीय आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिसके तहत प्रथम दिवस दिनांक 05 अप्रैल को भव्य मोटर साईकिल रैली एवं दूसरे दिन शोभायात्रा निकाली जायेगी। आयोजन समिति के झम्मन देंवागन एवं राजेन्द्र यादव ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव हमारी समिति द्वारा विगत 10 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी यह 2 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन बुधवार को म्युनिसिपल स्कूल से दोपहर 2 बजे विशाल मोटर साईकिल रैली निकाली जायेगी। यह रैली नगर भ्रमण करेगी जिसका रूट गुरूनानक चौक मानव मंदिर चौक - दुर्गा चौक इंदिरा नगर चौक - नदंई चौक कुआँ चौक पुराना गंज चौक. काली मांई मंदिर मार्ग - अग्रसेन गायत्री मंदिर चौक, जय

बंसतपुर थाना चौक - भारत माता चौक रामाधीन मार्ग - तिरंगा चौक जीई रोड चौक भगत सिंह चौक स्तम्भ चौक महावीर चौक

नया ढ़ाबा पुराना ढ़ाबा रोड़ नया गंज मण्डी के सामने रेल्वे ओवर ब्रिज चिखली प्यारेलाल चौक - - मोतीपुर - रेल्वे अण्डर ब्रिज स्टेडियम चौक - बंसतपुर चौक कृषि महाविद्यालय मार्ग - मेजर ध्यानचंद चौक - दिग्विजय कॉलेज सोनार पारा फौव्वारा चौक - अग्रहरि भवन होते हुये म्युनिसिपल स्कूल ग्राउण्ड में स्वल्पाहार के साथ सम्पन्न होगी।

भारत माता चौक - कामठी लाईन गुडाखु लाईन- आजाद चौक - मानव मंदिर चौक शांति नगर रोड़ हनुमान जयंती आयोजन समिति के प्रमुख झम्मन देवांगन एवं राजेन्द्र यादव ने बताया कि हनुमान जी की शोभायात्रा एवं मोटर साईकिल रैली की पूरी तैयारी कर ली गयी है एवं उन्होने

नगर के समस्त समाज प्रमुखों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं मिडिया के साथियों से अपील की है। कि, मोटर साईकिल रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# जिला युवा कांग्रेस कोंडागांव ने जवाब दो मोदी जी पोस्ट कार्ड किया लांच किया



**फरसगांव।** प्रदेश युवा कांग्रेस के आवाहन पर छग प्रदेश के प्रत्येक जिलों में जय भारत सत्याग्रह आन्दोलन के तहत कोंडागांव जिला युवा कांग्रेस के द्वारा फरसगांव में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है प्रेस वार्ता में युवा कांग्रेस महासचिव व कोंडागाँव जिला प्रभारी सूरज कश्यप ने जवाब दो मोदी जी पोस्ट कार्ड लांच करते हुऐ बताया की पोस्टकार्ड में पूछे जाने वाले तीन महत्वपूर्ण सवाल

1. अडानी ने अब तक बीजेपी को कितना करोड़ का फंड दिया है
2. आपके आधिकारिक विदेश दौरे के बाद अडानी को कितने ठेके मिले
3. कृपया हमें वह सूत्र बताएं जिनकी बदौलत आपका प्रिय मित्र दुनिया में 609 स्थान से 8 वर्षों में दूसरे सबसे धनी व्यक्ति बना है

इस अभियान के तहत एक लाख से अधिक पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ से भेजे जाएंगे और पोस्टकार्ड भेजकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह तीन सवाल पूछे जाएंगे जिसमें कोंडागांव जिले से युवा कांग्रेस के द्वारा भेजने का लक्ष्य तय किया गया है प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव व कोंडागाँव जिला प्रभारी सूरज कश्यप, सह प्रभारी जोगराज बुरड़, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पिताम्बर नाग, विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम, विधानसभा महासचिव नाथू राम मंडावी, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष दया शंकर मरकाम, नारायण मरकाम सहित युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## एक नजर

### 14 वें आदिवासी युवा कार्यक्रम अंतर्गत जिले के संवेदनशील क्षेत्र के 10 आदिवासी बच्चे हुए शामिल

**दंतेवाड़ा ।** छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आयोजित किये जाने वाले 14 वें आदिवासी युवा कार्यक्रम अंतर्गत अति-संवेदनशील इलाके के 10 आदिवासी बच्चों (लड़कियॉ-04 एवं लड़के-06) ने कार्यक्रम में भाग लिया है। जिनको नेहरू युवा केन्द्र, दन्तेवाड़ा के सौजन्य से 18 मार्च 2023 को दन्तेवाड़ा पुलिस लाइन, कारली से अमृतसर (पंजाब) के लिए भेजा गया था। जिसमें सभी 10 आदिवासी बच्चों द्वारा कार्यक्रम में सफलतापूर्वक भाग लेने के उपरांत 31 मार्च 2023 को 111 बटालियन में आगमन हुआ उनसे यात्रा के दौरान प्राप्त की गई जानकारी के संबंध में प्रतिपुष्टि लिया गया जिसमे सभी प्रतिभागियों द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होंने यात्रा के दौरान स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर, दुग्ध उत्पादन केन्द्र तथा अनेक मंदिरों का भ्रमण किया, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा वहां के संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखा। इस कार्यक्रम में 111 वीं वाहिनी, के0रि0पु0बल, के रोहिताष चौधरी द्वितीय कमान अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के दन्तेवाड़ा जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को भारत के विभिन्न स्थानों की संस्कृति से परिचय कराने एवं उनको सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देना है।

### बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू 67 आवेदकों ने किया पंजीयन

सत्यापन हेतु जिले में बनाए गए 29 कलस्टर

**दंतेवाड़ा ।** मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षित बेरोजगारों के लिए प्रदेश में बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की गई है। बेरोजगारी भत्ता के पंजीयन का कार्य 01 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जिसके लिए पोर्टल की व्यवस्था भी की गई है। बेरोजगारी भत्ता हेतु पंजीयन के लिए https://berojgaribhatta.cg.nic.in पोर्टल उपलब्ध है। आवेदक इस पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं, प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा जिले में बेरोजगारी भत्ता योजना अंतर्गत अब तक कुल 67 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इनमें से 50 आवेदकों को क्लस्टर स्तर पर दस्तावेज सत्यापन हेतु मैसेज उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर भेजा गया है।

### रूचि की अभिव्यक्ति

**दंतेवाड़ा ।** जिला पंचायत कार्यालय का कैंटीन जिला मुख्यालय दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (O&M) मॉडल के तहत संचालित किया जायेगा। कैंटीन संचालन एवं रखरखाव के उद्देश्य से भावी भागीदारों से रूचि की अभिव्यक्ति (E&pression of Interest-EOI) मांगी जा रही है। निविदा प्रारंभ की तिथि 31 मार्च 2023। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2023, समय दोपहर 2.00 बजे तक निविदा खोले जाने की तिथि 17 अप्रैल 2023 समय दोपहर 4.00 बजे तक। इस हेतु इच्छुक संस्थाओं/फर्म से मोहर बंद प्रपत्र में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत दन्तेवाड़ा के सूचना पटल पर एवं जिले की वेबसाईट htts: //dantewada.gov.in पर उपलब्ध है ।

### पुराना बस स्टैण्ड दरगाह प्रबंध समिति ने बैठक में लिए कई अहम निर्णय

दुर्ग हजरत बाबा सैय्यद अब्दुर्रहमान शाह काबुली र.अ. पुराना बस स्टैण्ड

**दुर्ग।** दरगाह प्रबंध समिति की बैठक अध्यक्ष सै. रज्जब अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट/ तहसीलदार दुर्ग एवं फिरोज खान सदस्य छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड प्रभारी जिला दुर्ग की उपस्थिति में दिए गए निर्देशों पर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत दरगाह निर्माण कार्य शीघ्रता से प्रारंभ करने एवं दरगाह की जाली निर्माण हेतु मकराना राजस्थान में जो आर्डर दिया गया है कि शेष रकम देकर जाली को दरगाह शरीफ में लाने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा गम्भीर सिंह ठाकुर पूर्व विधायक चौराई जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) पटवारी दरबार द्वारा प्रदत्त सोने की कलश एवं उनके साथी अशोक भाई छिन्दवाड़ा द्वारा सोना पॉलिस का पतरा मंगाकर उर्सपाक कार्यक्रम 2023 के पहले लगवाने पर भी सहमति बनी।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंह देव को भेजा नोटिस, तालाब को बेचने का है आरोप

बिलासपुर । जल संरक्षण एवं पर्यावरण बचाओ तनु नीर समिति ने अपने अधिवक्ता के जरिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। दायर याचिका में कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक सिंहदेव अपने स्वामित्व के तालाब को पाट रहे हैं। तालाब को पाटने के बाद उसे टुकड़ों में बेच भी रहे हैं। याचिका के अनुसार अंबिकापुर शहर के मध्य में स्थित सार्वजनिक शिव सागर (मौलवी बांध) तालाब स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के नाम पर है। खसरा नंबर 3467 रकबा 52.06 एकड़ है। याचिकाकर्ता समिति ने मंत्री के कहने पर तालाब को पाटा जा रहा है। इसके अलावा उसे टुकड़ों में बेचा भी जा रहा है।

# कृषि में ड्रोन तकनीकी का उपयोग

एक एकड़ में 10-15 मिनट में हो सकेगा छिड़काव





**बीजापुर ।** फसल को कीटों से बचाव और किसानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कृषि वैज्ञानिकों ने नई तकनीक का इजाद किया है। किसान अब स्प्रेयर मशीन (दवा छिड़कने वाली मशीन) नही, बल्कि अब ड्रोन से कीटनाशक का छिड़काव करेंगे। जिससे किसानों को कई फायदे होंगे, जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर के वैज्ञानिकों द्वारा विकासखंड बीजापुर के ग्राम नैमेड़, कोत्तापाल, एरमनार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रक्षेत्र में छिड़काव किया गया। जिले के प्रगतिशील किसानों के फसलों में ड्रोन तकनीक का उपयोग कर कीटनाशक का छिड़काव कर प्रदर्शन किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने कृषको के लगभग 20 हेक्टेयर क्षेत्र में धान व सब्जी वर्गीय फसलों पर ड्रोन तकनीक का उपयोग कर कृषकों को बताया की फसलों में कीटनाशक का छिड़काव किस तरह करेंगे। कृषकों ने ड्रोन तकनीक को काफी पसंद किया। इससे किसानों का समय एवं लागत दोनों की बचत होगी। परम्परागत तकनीक से खेती में कीटनाशक एवं उर्वरकों के छिड़काव में काफी समय लगता है एवं छिड़काव करने के लिए मजदूर तैयार भी नहीं होते। इस स्थिति में भविष्य में यह टेकनोलाजी काफी मददगार होगी। ड्रोन से कीटनाशक एवं तरल उर्वरक फसलों में कम समय में छिड़काव किया जा सकता है। इस तकनीक से 01 एकड़ क्षेत्र में कीटनाशक एवं तरल उर्वरक के छिड़काव में 10 से 15 मिनट का समय लगता है। साथ ही इसके इस तकनीक का उपयोग से श्रमिक की आवश्यकता भी नहीं लगती है। ड्रोन तकनीक से उर्वरक उपयोग क्षमता अधिक होती है। इस तकनीक का उपयोग कर कृषक अपनी कृषि लागत को कम कर सकते है। आज से समय में जब कृषि मजदूर कम मिलते है, और मिलते भी है तो अधिक उनको परिश्रमिक अधिक देना पड़ता है। इस सब कारणों को देखते हुए यह तकनीक भविष्य में कृषि के लिए वरदान साबित होगी। प्रदर्शन के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री बी.के. ठाकुर , उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. के.एल.पटेल, कृषि मौसल वैज्ञानिक भीरेन्द्र कुमार एवं प्रक्षेप प्रबंधक डॉ. दिनेश कुमार मरावी उपस्थ थे।

# जनता कांग्रेस एवं मुक्तिमोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता साड़गुड़ के साथ गुमलवाडा पहुंचे

गुमलवाडा के मड़ई मेला में पहुंच नवनीत ने लिया देवी से आशीर्वाद



कहा -महज राजनीति के चलते विकास से पिछड़े है गांव



**जगदलपुर ।** जनता कांग्रेस एवं बसंती मोर्चा बस्तर के बस्तर में गांव गांव पहुंच कर लगातार जिन चौपाल लगा रही है इसी को लेकर कल अपने नेता जनता के जिलाध्यक्ष एवं मुक्तिमोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के के नेतृत्व में पदाधिकारि व कार्यकर्ता साड़गुड़ के साथ गुमलवाडा पहुंचे। श्री नवनीत गुमलवाडा के मेला मंडई में माता पाताल दई, बामन दई,बारादावनी देवी का आशीर्वाद लेने भी पहुंचे । वहीं नवनीत ने साड़गुड़ ,गुमलवाडा ने जन चौपाल लगा वहां के लोगों से गाँव का हाल जाना। मुक्तिमोर्चा व जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के नेता नवनीत चांद ने कहा कि श्रेष्ठ बस्तर के निर्माण हेतु संघर्ष के लिए सबका साथ चाहिये । उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक,जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति बरती जा रही उदसनीता के चलते ,सरकार के विकास प्लान से आज पर्यंत तक गुमलवाड़ा नहीं पहुंच पाया है। ग्राम पंचायत,ग्राम वाशियो ने इस मौके पर बताया कि मौलिक अधिकारों से जुड़ी,कालागुड़ा से गुमलवाडा अटारपारा , पुलचा,थोलावाड़ा ,गौरू गोठान तक आज तक सड़क ,पुलिया ,बिजली ,पेयजल से वंचित है। आवेदन देते वे त्रस्त हो चुके है ,भाजपा और कांग्रेस के जगदलपुर विधायक विगत 14वर्ष से मात्र वोट लेने में मस्त है। इस अवसर में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के पदाधिकारियों के रूप में मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष भरत कश्यप ,नांगुर मंडल अध्यक्ष पीतम नाग , दयतारी पवन, नकुल कश्यप,दशा राम,देवी ,ईश्वर आदि कार्यकर्ता एवं बहुत्यात संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 5 अप्रैल 2023

# अब नगर पंचायत और नगरपालिका के निवासी भी राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के लिए 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की जनता को ध्यान में रखकर राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का विस्तार ग्राम पंचायत क्षेत्रों के साथ-साथ नगर पंचायतों एवं अनुसूचित क्षेत्र की नगर पालिकाओं में किया गया है। राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश में इस योजना के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों से नवीन आवेदन प्राप्त कर डाटाएन्ट्री का कार्य करने के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। समय सारणी के अनुसार राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के नवीन आवेदन प्राप्त करने की तिथि 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2023 तक निर्धारित की गई है। पोर्टल में डाटा प्रविष्टि करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2023 तक, तहसीलदार द्वारा पंजीकृत आवेदनों के निराकरण की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2023 तक, आवेदनों की स्वीकृति अस्वीकृति पश्चात ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका क्षेत्रों पर प्रकाशन कर दावा आपत्ति का ग्राम सभा, सामान्य सभा में निराकरण की अंतिम तिथि 8 मई 2023 निर्धारित की गई है। सामान्य सभा के निर्णय अनुसार पोर्टल में अद्यतीकरण की तिथि 14 मई 2023 तथा अंतिम सत्यापित सूची के प्रकाशन की तिथि 15 मई 2023 निर्धारित की गई है। राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का ने समस्त कलेक्टर, जिला पंचायत के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत तथा नगर पालिका को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऑनलाईन प्रविष्टि एवं समय सीमा में किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना प्रेषित कर समय सारणी के अनुसार निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

## हितग्राही परिवार की पात्रता

इस योजना की पात्रता केवल छत्तीसगढ़ के मूलनिवासियों को होगी। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में निवासरत् भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार जिनके पास कृषि भूमि नहीं है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। पट्टे पर प्राप्त शासकीय भूमि तथा वन अधिकार प्रमाण पत्र से प्राप्त भूमि को कृषि भूमि माना जाएगा। ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्रों के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों के अंतर्गत चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी, पुरोहित जैसे पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवार, वनोपज संग्राहक तथा समय-समय पर नियत अन्य वर्ग भी पात्र होंगे, यदि उस परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है। अनुसूचित क्षेत्रों के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है, तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया, कृषि भूमि धारण करने के बावजूद योजनांतर्गत पात्र होगें। परंतु इस वर्ग के वे परिवार जो शासन से सामायिक भत्ता, आर्थिक सहायता अन्य योजना में प्राप्त कर रहे हों पात्र नहीं होंगे।

## भूमिहीन कृषि मजदूर

ऐसा व्यक्ति जो कोई कृषि भूमि धारण नहीं करता और जिसकी जीविका का मुख्य साधन शारीरिक श्रम करना है और उसके परिवार का जिसका की वह सदस्य है, कोई सदस्य किसी कृषि भूमि को धारण नहीं करता है। कृषि भूमिहीन परिवारों की सूची में से परिवार के मुखिया के माता या पिता के नाम से यदि कृषि भूमि धारित है अर्थात् उस परिवार को उत्तराधिकार हक में भूमि प्राप्त करने की स्थिति होगी, तब वह परिवार भूमिहीन परिवार की सूची से पृथक् हो जाएगा। आवासीय प्रयोजन हेतु धारित भूमि, कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी। अपंजीकृत परिवारों को योजनांतर्गत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने पर उक्त परिवार द्वारा पात्रता अनुसार नवीन आवेदन योजनांतर्गत प्रस्तुत किया जाना होगा। यदि पंजीकृत हितग्राही परिवार के मुखिया द्वारा असत्य जानकारी के आधार पर अनुदान सहायता राशि प्राप्त की गई हो, तब विधिक कार्यवाही करते हुए उक्त राशि उससे भू-राजस्व के बकाया के रूप जाएगी। योजना के हितग्राही के पास 1 अप्रैल 2023 की स्थिति में निर्धारित पात्रता होनी चाहिए।

## हितग्राही परिवारों का पंजीयन

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राही परिवार को आवश्यक दस्तावेज यथा आधार नंबर, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ आवेदन ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सचिव ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत के समक्ष प्रस्तुत किया जाना होगा। अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगर पालिका में स्थित आदिवासियों के देवस्थल में पूजा करने वाले व्यक्ति जिन्हें पुजारी, बैगा, गुनिया, मांझी आदि नामों से जाना जाता है तथा आदिवासियों के देव स्थल के हाट पाहार्या एवं बाजा मोहरिया के आवेदन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका, नगर पंचायत के समक्ष आवेदन करेंगें। आवेदन में मोबाईल नंबर का भी उल्लेख करना होगा। हितग्राही परिवार आवेदन की पावती प्राप्त कर सकेंगे। योजना के अंतर्गत पात्र चिन्हित हितग्राही परिवार के मुखिया को प्रतिवर्ष किस्तों में 7000 रूपए की अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

## समाचार सार

### रायगढ़ सारंगढ़ सरायपाली एनएच सड़क मार्ग में हो रहे मरम्मत और सुधार कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप प्रदेश में सड़क के निर्माण कार्यों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग रायगढ़ सारंगढ़ सरायपाली मार्ग के 90 किलोमीटर सड़क पर मरम्मत एवं सुधार कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को मई 2023 में पूरा करने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा प्रदेश के सड़क के निर्माण कार्यों का अवलोकन एवं आवश्यक सुधार कार्य किया जाता रहा है।

### हाथ में सर्वेक्षण फॉर्म लेकर कलेक्टर ने गाँव में ग्रामीण के नाम का किया मिलान

o कलेक्टर संजीव झा ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का किया निरीक्षण

o दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र घिनारा,नवापारा और पीडिया में ग्रामीणों से की चर्चा


**कोरबा ।** आप लोग समय पर सर्वे करने आ रहे हैं न...। घर के सभी सदस्यों की जानकारी सही-सही भर रहे हैं न... और सर्वेक्षण में कोई परेशानी तो नहीं आ रही है.. प्रगणकों से यह पूछते हुए कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का न सिर्फ निरीक्षण किया, अपितु उन्होंने प्रगणकों द्वारा भरे जा रहे सर्वेक्षण फॉर्म को हाथ में लेकर फॉर्म में दर्ज जानकारियों का मिलान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्वे से पहले गाँव में अनिवार्य रूप से मुनादी करा ली जाए ताकि ग्रामीण अपने घर में उपस्थित रहे और सर्वेक्षण में शामिल हो सकें। कलेक्टर श्री झा ने बिना किसी त्रुटि के सभी अनिवार्य जानकारी मोबाइल एप्प और फॉर्म में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों से भी चर्चा की और किसी प्रकार की समस्या आने पर सम्बंधित अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री झा और जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कुमार कँवर ने शासन की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए 1 अप्रैल से प्रारंभ हुए छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने करतला विकासखंड के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम घिनारा, पीड़िया और नवापारा में ग्रामीणों के घर जाकर सर्वेक्षण कार्य को देखा और सर्वे कर रहे प्रगणकों को निर्देशित किया कि सर्वे से कोई भी परिवार वंचित न रहे और सर्वे में सभी शामिल हो। कलेक्टर ने सर्वे के दौरान राशनकार्ड, आधार में दर्ज जानकारी के आधार पर प्रपत्र में परिवार की जानकारी दर्ज करने, मकानों का नम्बर ऑयल पेंट से मोटे अक्षरों में लिखने, परिवार के मुखिया का फोटो मकान नम्बर के साथ लेते हुए 18 वर्ष या अधिक के सदस्यों का प्रपत्र में हस्ताक्षर लेने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सर्वे में ग्रामीणों की सहभागिता कहा कि ग्रामीण अपना सर्वे कराकर घर से बाहर महुआ बीनने या दूसरे काम से जाए, इसके लिए मुनादी कराना जरूरी है। उन्हें सामाजिक,आर्थिक सर्वेक्षण के फायदे को भी बताया जाना चाहिए। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश देते हुए मोबाइल एप में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों, पंच और मितानिनों से सहयोग लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे, जनपद सीईओ श्री एम एस नागेश आदि उपस्थित थे।

#### गाँव की गलियों में पैदल चलते हुए ली समस्याओं की जानकारी

:-कलेक्टर श्री झा ने ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर न सिर्फसामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया, अपितु उन्होंने घिनारा, पीड़िया और नवापारा में गाँव की पैदल चलते हुए सरपंच तथा ग्रामीणों से पेयजल की उपलब्धता, हैण्डपंप, वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फौती, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन न्याय योजना, फसल उत्पादन आदि के संबंध में चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पटवारी से भी राजस्व संबंधी प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को भी आवश्यक निर्देश दिए।

## कांकेर के चारामा पहुंचे दंतैल हाथी ने फसलों को पहुंचाया नुकसान



**कांकेर।** धमतरी के केरेगांव डुबान क्षेत्र में तीन हाथियों का दल घूम रहा था. इस दल से बिछड़ा एक हाथी कांकेर के हाराडुला में घुस गया है. हाथी ने किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है. वन विभाग की तरफ से लगाई गई तार को भी हाथी ने तोड़ दिया है. सुबह होते ही हाथी जंगल की ओर चला गया है. हालांकि वन विभाग सतर्क है. वन परिक्षेत्र अधिकारी चारामा ने बताया कि %% कांकेर और धमतरी सीमा क्षेत्र से लगे 9 गांवों में मुनादी करवाई गई है. हाराडुला, हल्बा क्षेत्र के ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है. ग्रामीणों को जंगल जाने से मना किया गया है. हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने की अपील भी ग्रामीणों से की गई है।

## खूंखार भालू ने किया पिता-पुत्र पर हमला, दोनों गंभीर रूप से घायल




**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ के कुर्सेला में खूंखार भालू का आंतक काफी दिनों से जारी है। इस बीच लगातार ग्रामीणों पर हमला हो रहा है। कुर्सेला के रहने वाले पिता-पुत्र को भालू ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद दोनों को वन विभाग की टीम ने बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया है। इतना ही नहीं वन विभाग के रेंज अधिकारी आसिफ शेख खान के द्वारा बिलाईगढ़ अस्पताल पहुंचकर घायलों को तत्काल मुआवजा राशि दी गई है।

गृह मंत्री के निर्देश पर

## जिला पंचायत अध्यक्ष को चंदूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर भिलाई से रॉयपुर ले जाने की तैयारी पूरी

दस मिनट में ग्रीन कारीडोर से राजधानी रवाना/स्थिति बेहद गंभीर



**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी रिवेंद्र यादव की तबीयत आज 4 अप्रेल की सुबह 10 बजे दुर्ग स्थित उनके बहन के यहाँ अचानक उल्टी के बाद बिगड़ी। चन्दू लाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरु नगर में ईलाज का प्रयास किया गया।लेकिन स्थिति बेहद गभीर होने पर उन्हें गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर राजधानी रॉयपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल रवाना किया जा रहा है।श्रीमती यादव की तबियत बिगडने पर उन्हें देखने जनप्रतिनिधियों का हुजूम अस्पताल मे लग गया है।उनके सीघ्र स्वस्थ होने की मंगल कामना भी की जा रही है।

## लाईवलीहुड कॉलेज हॉस्टल में प्रारंभ होगा कामकाजी महिलाओं के लिए अस्थायी हॉस्टल,50 सीटर की होंगी क्षमता

पंजीयन कार्यालय बनकर हुआ तैयार तहसील कार्यालय, कलेक्टर ने निरीक्षण कर लिया जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



कलेक्टर रजत बंसल ने जिला मुख्यालय स्थित नव निर्मित पंजीयन कार्यालय,निर्माणाधीन तहसील कार्यालय, 29 बंगला,जीएडी कॉलोनी, ट्रांजिट हॉस्टल एवं सकरी स्थित लाईवलीहुड कॉलेज का आकिस्मक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में कामकाजी महिलाओं के लिए नये संचालित होने वाले हॉस्टल का संचालन सकरी स्थित खाली पड़े लाईवलीहुड कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में करनें का निर्णय लिया गया है। जिसकी क्षमता 50 सीटर की होगी। इस संबंध में तैयारी के विस्तृत दिशा निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही लाईवलीहुड कॉलेज में कैसे नये कार्ययोजना बनाएं जा सकते है इसके लिए कमेटी गठित कर अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट 7 दिन में प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए है। बंसल ने तहसील कार्यालय परिसर में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहें नवनिर्मित जिला पंजीयन कार्यालय एवं निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का मुयाना कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उक्त भवन के शीघ्र ही शुभारंभ करनें के निर्देश दिए है साथ ही तहसील कार्यालय के काम में और अधिक प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है ताकि दोनों भवनों का एक साथ ही शुभारंभ कराया जा सके। दोनों कार्यालयों के प्रारंभ होने से जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही बंसल ने लोकनिर्माण विभाग की 29 बंगला कालोनी में नये नाली निर्माण,ट्रांजिट हॉस्टल ओपन जिम एवं जीएडी कालोनी में भी ओपन जिम लगाने, उद्यान विकसित करनें साथ ही सुरक्षा को और अधिक बेहतर करनें का निर्देश दिए है। उन्होंने कहा उक्त दोनों जगह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उनके परिवार निवासरत रहते है तो उनका भी ख्याल हमें रखना होगा। बंसल ने आज नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा बनाएं जा रहे ग्राम खैरघटा के नजदीक गौठान निर्माण का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव,लोक निर्माण विभाग के ईई टी सी वर्मा, रजिस्ट्रार आशु अग्रवालएसब इंजीनियर विभाकर जोशी,तहसीलदार बलराम तंबोली,सीएमओ देवांगन,अनिल प्रधान सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

## बिलासपुर में 81 बुलेट जब्त, मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर दौड़ा रहे थे चालक




**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर वाली 81 बुलेट गाड़ियों को ज़ब्त कर लिया है। दरअसल, युवाओं में बुलेट का साइलेंसर मॉडिफाइ करके चलाने का ट्रेंड चल रहा है। सोमवार की शाम पुलिस ने अभियान चलाकर 138 संदिग्ध बुलेट वाहनों की चेकिंग की, जिसके बाद वाहनों को ज़ब्त किया गया। खुद को स्टाइलिस दिखाने के लिए युवा रॉयल एनफिल्ड कंपनी की बुलेट बाइक चलाना पसंद करते हैं, इसके अलावा अब युवा कंपनी की ओरिजनल साइलेंसर को बदलकर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने का भी शौंक रखते हैं। बता दें कि, बुलेट के साइलेंसर मॉडिफाइड करने पर गोली चलने जैसी या फिर तेज और कर्कश आवाज आती है। इस तरह के साइलेंसर से राहगीर और आसपास के लोग डर जाते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कार्रवाई करते हुए सोमवार को बिलासपुर पुलिस ने सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 138 संदिग्ध बुलेट वाहनों की जांच की गई, इनमें से 81 ऐसे बुलेट मिले जिनके ओरिजिनल साइलेंसर को बदलकर मॉडिफाइड सैलेंसर लगाया गया था। फिलहाल सभी जब्त वाहनों को पुलिस ने थाने में रखा है और व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध नशे के कारोबरियों पर कार्यवाही जारी,कच्ची महुआ शराब 60 लीटर समेत 1 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




अवैध नशे के कारोबरियो पर कार्यवाही रतनपुर पुलिस पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर संतोष सिंग द्वारा अवैध नशे के कारोबार तथा अवैध नशा से निजात दिलाने अभियान चलाया जा रहा है। कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुलदेव शर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना रतनपुर प्रभारी द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बजार हाट आदि स्थानो में गांव-गांव में जाकर अवैध नशे के विरूद्ध आम जन को जागरूक किया जा रहा हैं। उसके बाद भी नशे के व्यापारी चोरी छुपे अपना व्यवसाय जमाये हैं कि मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ थाना रतनपुर क्षेत्र कोटा मार्ग में सब्जी प्लाट के आड में एक व्यक्ति भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर थाना प्रभारी रतनपुर द्वारा त्वरित अपने पुलिस टीम प्रआर प्रवीण पांडेय तथा पेट्रोलिंग पार्टी को रवाना किया मुखबीर के बताये अनुसार लखनीदेवी मंदिर के पास संदीप सब्जी प्लाट को घेराबंदी किया तथा एक व्यक्ति मिला जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम विनोद पटेल बताया तथा प्राप्त सूचना अनुसार शराब के संबध में पूछताछ किया जो विनोद पटेल के द्वारा गोलमोल जवाब देना तथा समझाईस देने उपरांत विनोद पटेल के द्वारा बाड़ी से 03 जेरिकेन में लगभग 60 लीटर कच्ची महुआ शराब निकालकर पेस किया तथा शराब रखने ध्बिक्री के संबंध में कोई कागजात पेस नही किया आरोपी द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत धारा 34;2, की कार्यवाही किया गया हैं आरोपी को रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेस किया गया हैं ।

## उरांव सामाज भवन के लिए लैलूंगा विधायक ने दी 10 लाख

बड़े ही धूमधाम से किया गया भूमि पूजन कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।




ग्राम बिरसिंघा में उरांव समाज के सामाजिक भवन का भूमि पूजन मुख्य अतिथि चक्रधर सिंह सिदार विधायक लैलूंगा उपाध्यक्ष मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन एवं विकास प्राधिकरण, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण पैंकरा सरपंच बिरसिंघा बसन्ती भगत, उपसरपंच सुनील भगत समाज के क्षेत्रीय सरपंच दुखसिंह भगत समाज के अध्यक्ष रविभगत कार्यकारी अध्यक्ष, नोहर साय भगत एवं प्रबुद्धजन मंचसीन रहे। कार्यक्रम निर्धारित समय पर शुरू हुआ, मुख्य अतिथि का स्वागत सत्कार कुड़ामाई एवं रामपुर से आए करमा पार्टी ने की। भूमि पूजन में गांव के बैगा एवं विलोचन भगत के मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर सभी अतिथियों का तिलक लगाकर भवन भूमि पूजन के लिए आग्रह की। मुख्य अतिथि ने भूमि पर पहली नींव के लिए गैंती चलाया। तत्पश्चात मंचस्थ स्वागत माल्यार्पण हुआ इस कड़ी में समाज के सभी कर्मचारी भी मुख्य अतिथि के हाथों से गमछा से सम्मानित किए गए। स्वागत भाषण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पी एस भगत ने बहुत ही मार्मिक और गंभीरता जैसे शब्दों से स्वागत भाषण दी। विधायक ने ग्राम बिरसिंघा और अपने गांव कटकलिया के आपसी मधुर व्यवहार रिश्ते को याद करते हुए कहा कि दोनों ही गांव विकास और विकसित होने की दृष्टि से आदर्श गांव है। यहां के व्यक्ति विभिन्न विभागों में सभी क्षेत्रों में सरकारी नौकरी में पदस्थ होकर अपने गांव का नाम रोशन करते हुए लैलूंगा का नाम भी रोशन कर रहे हैं चाहे वह खेलों में हो। भवन निर्माण के बारे में उन्होंने स्पष्ट कहा कि भवन निर्माण गुणवत्तपूर्ण हो और समय पर पूरा हो साथ ही उन्होंने ईच्छा जताई कि अपने ही हाथों से उरांव समाज भवन का भूमिपूजन हुआ है तो लोकार्पण भी उनके ही हाथों से हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व उपसभापति पनत राम भगत ने मंच के माध्यम से कहा कि समाज की एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने के लिए अपने लोगों से निरन्तर संवाद की आवश्यकता है ताकि लोग एक दूसरे के साथ जुड़े रहें। लैलूंगा उरांव समाज के अध्यक्ष रवि भगत ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मन्चस्थ अतिथियों का सभा में उपस्थित सभी क्षेत्रों से आए हुए जनमानस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में बहुत सारे विधायक बनें लेकिन सबसे सरल सहज रूप से व्यवहारिक इकलौता विधायक चक्रधर सिंह सिदार हैं। समाज के युवा वर्ग को भी आगे आने का आह्वान किया। सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। मंच का संचालन लालसाय भगत ने की।

## डबल रोल निभाना आसान नहीं: नामिक पॉल



लग जा गले के एक्टर नमिक पॉल ने शो में डबल रोल को निभाने के बारे में बात की और कहा कि एक ही समय में दो अलग-अलग व्यक्तित्वों का किरदार निभाना काफी दिलचस्प है।

उन्होंने कहा: एक अभिनेता के रूप में, मुझे लगता है कि डबल रोल निभाना का एक शानदार अवसर है। जहां मुझे अहंकारी और आत्मविश्वासी शिव का किरदार निभाना पसंद है, वहीं शमीर्ले अनिकेत का किरदार भी मजेदार है। उसकी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और खासतौर से ईशानी के प्रति उसका व्यवहार बहुत अलग है, और यह मुझे एक्सप्लोर करने और सुधार करने का कई मौका दे रहा है।



## रेड वाइन साड़ी के साथ अनुपमा अग्निहोत्री ने दिखाया खूबसूरती का जलवा

### हॉटनेस देखकर फैंस ने थामे अपने दिल

**बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री की ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। वहीं, उनकी रेड वाइन कलर की साड़ी में तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।**

रेड वाइन कलर की साड़ी में एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही कातिलाना अंदाज में नजर आ रही हैं। उनकी स्टनिंग तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। साड़ी में अनुपमा अग्निहोत्री अपनी कमर और डीपनेक ब्लाउज वाले स्टाइल को फ्लॉन्ट कर रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। गले में हार और कानों में ईयरिंग्स के साथ ही एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। अनुपमा अग्निहोत्री बिकिनी पहनने से कतई गुरेज नहीं करती हैं। उनकी बिकिनी में तस्वीरें देखकर किसी का भी पसीना छूट जाए। कर्वी फिगर और ग्लैमरस अंदाज देखकर हर कोई अनुपमा अग्निहोत्री का दीवाना बन जाए। सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहने वाली अनुपमा अपनी हॉट तस्वीरों को शेयर करती रहती है। मोनोकिनी आउटफिट में अनुपमा अपने फैंस के दिलों पर कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री ने बॉलीवुड में गोविंदा के साथ रंगीला राजा में नजर आई थीं।

# फिल्म की शूटिंग के लिए ऊटी पहुंची नोरा फतेही



**नोरा फतेही भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में सबसे पॉपुलर पर्सनैलिटी में से एक हैं. बॉलीवुड डीवा ने दिलबर, ओ साकी साकी जैसे कई सारे आइटम नंबरों से दर्शकों का दिल जीता हुआ है. साथ ही खुदको भारत की बेस्ट डांसर में से एक साबित किया है. इन सबके बीच, नोरा फतेही ने हाल ही में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग ऊटी में शुरु कर दी है. साथ ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं.यही नहीं, उनके इंस्टाग्राम पोस्ट में एक बंदर की वीडियो भी देखी जा सकती है.**

आपको बता दें कि, नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम पर लिया और अपनी अगली फिल्म के सेट से कई तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया. बता दें, उन्होंने इसकी शूटिंग तमिलनाडु के ऊटी में शुरू कर दी है. नोरा अपनी तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा , नई शुरुआत. यह ऊटी में यहां एक वाइब है! शूट का पहला दिन था.

एक्ट्रेस की लुक की बात करें तो, व्हाइट स्लीवलेस टॉप और लाइट-ब्लू डेनिम जींस में नोरा दिलकश लग रही थीं. फोटो में वह ऊटी वैली की खूबसूरत सड़क पर खड़ी नजर आ रही हैं. दिलचस्प बात यह है कि उनकी अगली फिल्म के सेट पर एक खास मेहमान पहुंचे, जिससे नोरा के फैंस हैरान रह गए. यह और कोई नहीं बल्कि एक बंदर था जो सड़क के किनारे चल रहा था. एक्ट्रेस ने इस मोमेंट को रिकॉर्ड किया और इसे अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरों के साथ पोस्ट भी किया.

## भोला की कमाई ने तीसरे दिन पकड़ी रफ्तार, दसरा का शानदार प्रदर्शन जारी




अजय देवगन की पिछली रिलीज दृश्यम 2 के बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन के बाद से ही सभी की निगाहें भोला पर टिकी हुई थीं। भोला ने 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी, लेकिन यह कमाई के मामले में दृश्यम 2 के सामने खरी नहीं उतरी। पहले दिन 11 करोड़ के साथ शुरुआत करने के बाद दूसरे दिन भोला की कमाई में गिरावट दिखी। अब तीसरे दिन इसकी कमाई ने फिर रफ्तार पकड़ी और 12.10 करोड़ का कलेक्शन किया।

अजय की भोला 2019 में आई तमिल फिल्म कैथी की रीमेक है, जिसमें कार्थी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। पहले दिन 11 करोड़ की कमाई के बाद दूसरे दिन फिल्म ने महज 7.40 करोड़ रुपये कमाए थे। अब तीसरे दिन फिल्म ने ओपनिंग डे से भी ज्यादा कमाई करते हुए 12.10 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म ने अब तक 30.7 करोड़ का कारोबार कर लिया है और दुनियाभर में इसकी कमाई 50 करोड़ के करीब पहुंचने वाली है।

वितरकों और निर्माताओं के आंकड़ों के अनुसार, भोला के कारोबार में शुक्रवार की तुलना में 63 प्रतिशत उछाल आया है। ऐसे में अब माना जा रहा है कि रविवार को भी फिल्म अच्छे कलेक्शन के साथ ओपनिंग वीकेंड में कुल 45 करोड़ का कलेक्शन कर सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर फिल्म ने अब 43.60 करोड़ कमा लिए हैं और अगले हफ्ते यह 100 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

## फिल्म बवाल की नई रिलीज डेट जारी, पहली बार साथ आए वरुण धवन और जान्हवी कपूर

**पिछले काफी समय से वरुण धवन और जान्हवी कपूर फिल्म बवाल को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए पहली बार वरुण और जान्हवी की जोड़ी दर्शकों के बीच आ रही है। फिल्म से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है, जिससे इसे लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आई है। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी फिल्म।**



फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर वरुण और जान्हवी की तस्वीर के साथ फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला और निर्देशक नितेश तिवारी की तस्वीर साझा कर लिखा, बवाल की नई रिलीज डेट जारी। यह 6 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बवाल पहले 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिर इसकी रिलीज टाल दी गई। खुद फिल्म के निर्देशक ने बताया कि अभी इसका काफी काम बचा है, इसलिए रिलीज आगे बढ़ाई गई है।

वरुण ने भी सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की रिलीज की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, बवाल 6 अक्टूबर, 2023 को रिलीज हो रही है। पहली बार जाह्नवी मैम के साथ काम कर रहा हूं और राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी साजिद नाडियाडवाला और नितेश तिवारी सर की टीम का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं।



## लीग के इतिहास में दूसरी बार आमने-सामने होंगी, जानें पॉसिबल प्लेइंग-11 और इम्पैक्ट प्लेयर

**गुजरात टाइटंस (GT) मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (DC) के खिलाफ उतरेगी। मैच शाम 7-30 बजे से खेला जाएगा।**




पहला मैच हारने के बाद दिल्ली का फोकस इस सीजन में वापसी करने पर होगा। वहीं सीजन की पहली जीत के बाद गुजरात के इरादे मजबूत हैं। दोनों टीमें लीग के इतिहास में दूसरी बार ही आमने-सामने होंगी।

घुटने की गंभीर चोट के कारण केन विलियमसन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इसके बावजूद गुजरात को ज्यादा फर्क नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि आज के मैच में साउथ अफ्रीकी डेविड मिलर उपलब्ध रहेंगे। वहीं लुंगी एनगिडी और एनरिक नॉर्त्या भी दिल्ली कैंप में शामिल हो गए हैं।


### गुजरात की जीत के साथ शुरुआत

डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात ने इस सीजन की शुरुआत जीत के साथ की। टीम ने घरेलू मैदान पर अपने पहले मुकाबले में चेन्नई को 5 विकेट से हराया। तब शुभमन गिल और राशिद खान ने उम्दा प्रदर्शन किया था। छष्ट के खिलाफ टीम के 4 विदेशी जोश लिटिल, डेविड मिलर, राशिद खान और अलजारी जोसेफ हो सकते हैं। इनके अलावा हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, यश दयाल और मोहम्मद शमी जैसे टॉप क्लास भारतीय खिलाड़ी भी टीम को मजबूती दे रहे हैं।

### पिछली हार को भूलकर वापसी करना चाहेगी दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स के लिए टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को अपने पहले मुकाबले में लखनऊ के खिलाफ 50 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम उस हार को भूलकर इस मैच पर फोकस करना चाहेगी।

GT के खिलाफ टीम के 4 विदेशी खिलाड़ी डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, एनरिक नॉर्त्या और रोवमन पावेल हो सकते हैं। इनके अलावा पृथ्वी शॉ, चेतन साकरिया और अक्षर पटेल जैसे भारतीय खिलाड़ी भी टीम को मजबूती दे रहे हैं।




### गुजरात से पिछली हार का बदला लेना चाहेगी दिल्ली

हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का यह लीग में दूसरा ही सीजन है। पहले सीजन में टीम ने सभी को चौंकाते हुए टॉप किया था। तब दोनों टीमें लीग स्टेज में 1 बार भिड़ी थीं। उस मुकाबले को गुजरात ने जीता था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पिच आमतौर पर बल्लेबाजों को मदद करती है। यहां आखिरी टी-20 मैच टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था। दोनों टीमों ने 200 से अधिक रन बनाए थे।

## नवदीप ने 2 ओवर में 35 रन लुटा दिए, पावर हिटर अमन 5 गेंदों पर 4 रन बना पाए

**मुंबई। आईपीएल-16 पिछले 15 सीजन से बदला हुआ है। इस बार मैदान पर एक टीम की ओर से 11 की जगह 12 खिलाड़ी मैच में नजर आ रहे हैं।**



12वां खिलाड़ी इम्पैक्ट प्लेयर है, जिसे टीमें मैच पलटने के लिए मैदान पर ला सकती हैं। रविवार तक 5 मैच में 10 में से 9 टीमें इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल कर चुकी हैं।


सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर नहीं उतारा। लखनऊ टीम पारी खत्म होने से पहले इम्पैक्ट प्लेयर लाने वाली पहली टीम बनी। हालांकि, जो इम्पैक्ट प्लेयर उतरे हैं, उनका प्रभाव नजर नहीं आया।

सोमवार को लखनऊ के आयुष बडोनी चेन्नई के खिलाफ आवेश खान की जगह आए थे। बडोनी ने 18 बॉल में 23 रन बनाए, लेकिन एक भी बाउंड्री स्कोर नहीं कर पाए। LSG को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम 12 रन से मैच हार गई।

### पाकिस्तान के उसामा ने एक ओवर में बनाए 34 रन

## डोमेस्टिक टूर्नामेंट में एक ओवर में लगाए 5 छक्के और 1 चौका

PSL में शानदार बॉलिंग परफॉरमेंस करने के बाद उसामा मीर चर्चा में है। लेकिन, इस बार उन्होंने पाकिस्तान के डोमेस्टिक टूर्नामेंट घनी रमजान टूर्नामेंट में बल्ले से कमाल दिखाया और एक ओवर में 34 रन बनाए। इसमें उन्होंने 5 छक्के और एक चौका लगाया। कराची वारियर्स के खिलाफ 2 अप्रैल को हुए मुकाबले में इस बल्लेबाज ने 20 बॉल में 66 रन बनाए।



उसामा की पारी GIC और कराची वारियर्स के बीच मैच के दौरान आई। दोनों टीमें घनी रमजान टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट रमजान के महीने के दौरान आयोजित किया जाता है। इसमें आठ टीमें हिस्सा लेती है, और हर टीम को दो विदेशी खिलाडी के साथ खेलने की इजाजत होती है।

घनी रमजान टूर्नामेंट में कुछ समय से पाकिस्तान के नेशनल टीम के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी भी देखने को मिल रही है। इसमें बाबर आजम, शादाब खान, इहसानउल्लाह, आजम खान, उस्मान कादिर, उमर अकमल, अहसान अली और आबिद अली जैसे बड़े खिलाडी भी हिस्सा ले रहे है। टूर्नामेंट को प्राइवेट क्रिकेट इंस्टीट्यूट इस टूर्नामेंट का आयोजन करती है।

### PSL में उसामा बिखेरा जलवा

उसामा मीर से पाकिस्तान सुपर लीग में जलवा बिखेरा था। उसामा मुल्तान सुल्तान टीम के खिलाडी है। इस सीजन उन्होंने बल्कि गेंद से कमाल दिखाया। उसामा ने 12 मैच में 17 विकेट लिए और 7.93 का शानदार इकॉनोमी रखा।

### एक नजर

## मेयर्स-वुड चमके, घरेलू मैदान पर लखनऊ की जीत

**लखनऊ ।** सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स (73) के विस्फोटक अर्द्धशतक और मार्क वुड (14/5) की नायाब गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की।



अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर खेलते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाये। इसके जवाब में दिल्ली 143 रन तक ही पहुंच सकी। मेयर्स ने 14 रन के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद मौके का पूरा फायदा उठाया और 37 गेंद पर 73 रन जड़ डाले। उनकी इस पारी में दो चौके और सात छक्के शामिल रहे, जिसके दम पर लखनऊ खराब शुरुआत के बावजूद 193 रन बना सका।

दिल्ली ने इसके जवाब में तेज शुरुआत की लेकिन वुड की घातक गेंदबाजी का उनके पास कोई जवाब नहीं था। वुड ने चार ओवर में मात्र 14 रन देकर पांच विकेट लिये। दिल्ली की ओर से डेविड वॉर्नर ने सर्वाधिक 56 रन बनाये, हालांकि उन्होंने इसके लिये 48 गेंदें खेलीं।

## कोहली, डु प्लेसिस की जोड़ी चमकी, आरसीबी की विजयी शुरुआत

**बेंगलुरु ।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (82 नाबाद) और फाफ डु प्लेसिस (73) के शानदार अर्द्धशतकों की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को मुंबई इंडियन्स को आठ विकेट से रौंदकर टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत की।



मुंबई ने युवा सनसनी तिलक वर्मा (84 नाबाद) के विस्फोटक अर्द्धशतक की मदद से 171 रन बनाये, लेकिन कोहली-डु प्लेसिस के बीच हुई 148 रन की साझेदारी से आरसीबी ने 16.2 ओवर में ही जीत हासिल कर ली।

तिलक जब बल्लेबाजी करने उतरे तब मुंबई 20 रन पर तीन विकेट गंवा चुका था। उन्होंने अपनी टीम को संकट से निकालते हुए 46 गेंद पर नौ चौकों और चार छक्कों की सहायता से 84 रन बनाये, जबकि मुंबई के अन्य बल्लेबाज 75 गेंद पर 76 रन ही बना सके।

मुंबई की तुलना में आरसीबी के बल्लेबाजों को ज़रा भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम पर चार साल बाद लौटते हुए कोहली ने 49 गेंद पर छह चौके और पांच छक्के लगाकर 82 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान डु प्लेसिस 43 गेंद पर 73 रन (पांच चौके, छह छक्के) बनाकर आउट हो गये, लेकिन कोहली ने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी छक्का जड़कर आरसीबी को दमदार जीत दिलाई।

# चेहरों पर सजी मुस्कान, 710 युवा मेले से ऑफर लेकर लौटे घर, ऐतिहासिक रहा तमनार का रोजगार मेला

मुकेश, परमानंद, अजीता, निर्मल, रोहित और नामदेव जैसे सैकड़ों युवाओं के आंखों में दिखी सपने पूरे होने की खुशी









जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

तमनार का हाईस्कूल मैदान आज सैकड़ों युवाओं के सपनों के साकार होने का साक्षी बना। यहां जिला प्रशासन के द्वारा वृहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले से 710 युवा आज उद्योगों से ऑफर लेटर लेकर अपने घर लौटे है। तमनार में आयोजित रोजगार मेले में 54 उद्योग, 1231 वेकेंसी लेकर पहुंचे थे। जिसके लिए 2640 युवाओं ने आवेदन किया। शेष रिक्तियों के लिए प्रक्रिया अगले चरणों में बढ़ायी गयी है। जिसे अगले दो दिनों में पूरी कर ली जाएगी। ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवाओं ने इस आयोजन के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व पूरे जिला प्रशासन का आभार जताते हुए इसे एक सराहनीय पहल बताया।

### लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने इस मौके पर युवाओं को रोजगार प्राप्ति की बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार मुख्यमंत्री

भूपेश बघेल के नेतृत्व में युवाओं के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार देने के लिए एक ओर जहां ऐसे मेलों का आयोजन हो रहा है वहीं दूसरी ओर शिक्षित बेरोजगारों को शासन भत्ता भी प्रदान कर रही है। उन्होंने तमनार में रोजगार मेले के आयोजन को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की संवेदनशील पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, साथ ही क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार निरंतर सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने रोजगार मेले के आयोजन को सराहनीय कदम बताया। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में काम मिले इससे अच्छी बात क्या होगी। इस मेले के माध्यम से इस दिशा में प्रशासन ने कदम बढ़ाये है। जिसका लाभ निश्चित रूप से यहां के युवाओं को मिलेगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि रोजगार मेले का उद्देश्य है कि स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में अधिक से अधिक एक्सपोजर मिले। उन्होंने कहा कि इस वृहत रोजगार मेले के आयोजन के लिए जिला प्रशासन पिछले एक माह से लगा हुआ था। कई दौर की बैठके विभागों तथा उद्योगों के साथ की गई। जिसके बाद पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक मौके सृजित हो, यही इस मेले का मकसद था। उन्होंने कहा कि हम युवाओं को रोजगार मुहैय्या कराने के लिए लगातार प्रयासरत है तथा इस प्रकार के मेले भविष्य में भी आयोजित किए जायेंगे। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने भी इस मौके पर पूरे मेले के रूपरेखा के बारे में बताते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। इस रोजगार मेले में जिले के प्रमुख उद्योगों के साथ बाहर से भी नियोक्ता आए हुए है, जिससे एक विस्तृत प्लेटफार्म युवाओं को मिल रहा है तथा इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय स्तर पर जागरूकता भी बढ़ती है। ऑफर लेटर प्राप्त युवाओं को विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार, अध्यक्ष जिला पंचायत निराकार पटेल, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार व सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने ऑफर लेटर प्रदान किया।

### 1231 वेकेंसी के लिए 2640 ने किया आवेदन, बची वेकेन्सी पर आगे बढ़ी प्रक्रिया, दो दिनों में कर ली जाएगी पूरी

### युवाओं ने कहा रोजगार मेले का आयोजन जिला प्रशासन की सराहनीय पहल

### * रायगढ़ मितान पोर्टल' से आगे भी मिलेगी वेकेंसीज की जानकारी

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सहोद्रा राठिया, रोहिणी बसंत राठिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत तमनार सविता कमल राठिया, उपाध्यक्ष बुढ़ा गौटिया गुप्ता, सरपंच तमनार सुश्री गुलापी सिदार, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, ममता साहू, सुनीता राठिया, बिहारी लाल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

तकनीकी तथा गैर तकनीकी 710 पदों पर मेले में ही हुई भर्तियां, शेष में अगले चरण की प्रक्रिया शुरू, जल्द भरे जायेंगे पद

मेले में तकनीकी तथा गैर तकनीकी दोनों पदों पर भर्तियां की गई। मेले में जिले के विभिन्न उद्योगों के कई टेक्निकल पद जैसे मैकेनिकल इंजीनियर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, शिफ्ट इंचार्ज, फिटर, वेल्डर, मेल्टर, इलेक्ट्रीशियन, लैब असिस्टेंट, केमिस्ट, मशीन ऑपरेटर्स के साथ ही गैर तकनीकी पद जैसे सेल्स एक्जीक्यूटिव, ब्रांच रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव, कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव जैसे पदों पर भी भर्ती ली गई। जिसमें गैर तकनीकी पदों पर पेटीएम, एयरटेल, एसबीआई लाईफ तथा तकनीकी पदों पर जिंदल, एमएसपी जैसे उद्योगों ने भर्ती की। शेष वेकेंसी पर आवेदन लेकर भर्ती की प्रक्रिया अगले चरण में बढ़ायी गयी है। इन पदों पर भी शीघ्र भर्ती कर ली जाएगी।

नौकरी छोड़ मां का ख्याल रखने जाना पड़ा था, आज प्रशासन की पहल पर फिर मिला रोजगार

खरसिया विकासखंड के जैमूरा गांव के रहने वाले मुकेश कुमार साहू रिटेल सेक्टर में नौकरी की तलाश में थे। उनकी यह तलाश जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रोजगार मेले में पूरी हुई। यहां उन्हें आदित्य बिड़ला ग्रुप की पैंटालूंस में फैशन असिस्टेंट का ऑफर मिला। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले वे रिटेल सेक्टर में ही कार्य कर रहे थे। घर में मां की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें नौकरी छोड़ गांव जाना पड़ा। घर में सब ठीक होने के बाद वे फिर काम की तलाश में थे लेकिन नौकरी नही मिल पा रही थी। जिला प्रशासन के पहल पर आयोजित इस रोजगार मेले में उन्हें रोजगार मिला है। इसके लिए उन्होंने प्रशासन का बहुत आभार जताया।

### नौकरी मिलने से पिता का बटा पाऊंगा हाथ, ये कहना है तमनार के परमानंद का

पिताजी मजदूरी का काम कर के घर का खर्चा चलाते हैं। खेती भी नाम मात्र की है। ऐसे में नौकरी मिलने से मैं अब कम से कम पिताजी का हाथ बटा सकूंगा यह कहना है तमनार आमाघाट के परमानंद सिदार का। वे मेले में अपने लिए रोजगार तलाशने आये थे। उन्हें फूलट्रॉन फाईनेंस कंपनी में ऑफर मिला है। उनका कहना है कि अब मैं अपने घर को बेहतर करने में परिवार वालों को सहयोग दे सकूंगा।

### बाहर कर रहा था नौकरी, अब घर के करीब मिला काम

पुसौर विकासखंड के ग्राम सुकुल भटली के रोहित कुमार कहते है कि बारहवीं के पश्चात आईटीआई फिटर करने के पश्चात भिलाई स्टील प्लांट में कार्य कर रहे थे। सोशल मीडिया से पता चला कि रायगढ़ जिले के तमनार में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यहां उन्होंने अप्लाई किया और उनका स्काई एलाइज एंड पॉवर लिमिटेड में नौकरी मिल गई। उन्होंने जिला प्रशासन को रोजगार मेला के आयोजन के लिए धन्यवाद किया। जिससे वे घर के पास नौकरी कर पाएंगे।

### कालेज से पासआउट हुई अजीता को मिला केमिस्ट का काम

डिग्री कॉलेज से अभी पासआउट हुई अजीता गुप्ता भी आज रोजगार मेले में पहुंची हुई थी। उन्होंने बीएससी की पढ़ाई पूरी की है। वे यहां जिंदल द्वारा जारी केमिस्ट के पद पर भर्ती के लिए अप्लाई किया था। कंपनी में चयन के बाद वे काफी खुश नजर आई। मौके पर ही उन्हें ऑफर लेटर भी मिल गया।

### *मेले में मिले रोजगार के कई विकल्प*

*महापल्ली रायगढ़ निवासी निर्मल राठिया कहते हैं कि पहले वह ठेकेदार के अंदर में कार्य कर रहे थे, इसी बीच रोजगार मेला की जानकारी मिलने के पश्चात विभिन्न कंपनी में अप्लाई करने के पश्चात उसका तिरुमाला बालाजी एलाइज प्राइवेट लिमिटेड, तुमीडीह रायगढ़ में चयन हो चुका है। उन्होंने कहा रोजगार मेला उन युवाओं के लिए बेहतर है जो नौकरी की तलाश कर रहे थे। रोजगार मेला में सभी उद्योग एक ही जगह उपस्थित है। जिससे स्थानीय युवाओं को विभिन्न कंपनियां में एक ही जगह पर अप्लाई करने का अवसर मिल रहा है, साथ ही योग्यता अनुसार युवाओं को नौकरी भी मिली है।*

### *नौकरी मिलने की खुशी शब्दों में नहीं कर सकते बयां*

*रायगढ़ निवासी नामदेव गुप्ता इलेक्ट्रिकल में आईटीआई किये है। आज रोजगार मेला में भीड़ तो बहुत थी, लेकिन अपने योग्यता अनुसार उद्योगों के रिक्त पदों पर फार्म भर दिया गया, जिससे उनका चयन बीएस स्पंज तराईमाल में हुआ है। उन्हे खुशी हो रही है कि अब खुद के पास नौकरी है। उन्होंने इसके लिए कलेक्टर सिन्हा व जिला प्रशासन के प्रति अपना आभार जताया है।*

### *रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल से जॉब वेकेंसी का मिलेगा नोटिफिकेशन*

*जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय युवाओं को रोजगार मुहैय्या कराने के उद्देश्य से रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल लॉच किया गया है। जिसमें पंजीयन करने वाले युवाओं को आगे शासकीय तथा प्राइवेट सेक्टर के जॉब वेकेंसी आने पर नोटिफिकेशन के माध्यम से जानकारी मिलेगी।*





**एक नजर**

## कांग्रेस ने पत्र वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में अब लोकतंत्र नहीं बचा- जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने पत्र वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश में अब लोकतंत्र नहीं बचा है। भारत एक ऐसा लोकतांत्रिक देश रहा है जहां हमेशा विपक्ष कोई उतना ही महत्व दिया जाता रहा है। जिस प्रकार सरकार का महत्व है उसी प्रकार विपक्ष कभी अपनी जगह उतना ही महत्त्व है। लेकिन वर्तमान में केंद्र की सरकार विपक्ष को पूरी तरह खत्म करना चाहती है। जिस प्रकार राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने एवं उनकी घर को खाली करवाने के लिए तो रिक्त कार्यवाही की गई है उसकी कांग्रेस पार्टी ने निंदा की है। राघवेंद्र सिंह ने कहा कि इस के लोकतंत्र के लिए घातक है। एक चुनाव जनप्रतिनिधि को इस प्रकार सब सता समाप्त करने के लिए भीगना और उसके घर को खाली करवाना उचित नहीं है कांग्रेस पार्टी लगातार इसका विरोध कर रही है और आगे भी विरोध जारी रहेगा। जिस प्रकार हमेशा कांग्रेस ने लोकतंत्र की लड़ाई लडी है उसके लिए वह हमेशा प्रतिबद्ध रहेगी। सदन में विपक्ष के सदस्यों को बोलने नहीं दिया जा रहा है विपक्ष की आवाज को दबाने का काम केंद्र सरकार कर रही है। पत्रकार वार्ता को शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के हित में काम करती रही है और वह हमेशा जनता की भलाई के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, महबूब खान, गीता देवांगन, अमीर चंद भी मौजूद रहें।

## कोयला कर्मियों को अब सेवानिवृति के दिन ही मिल जाएगा सीएमपीएफ

**कोरबा** । सेवानिवृत होने वाले कोयला कर्मियों को अब सेवानिवृत्ति के दिन ही कोल माइंस प्राविडेंट फंड सीएमपीएफ के आदेश की कापी व चेक प्रदान कर दिया जाएगा। इसके लिए अब कर्मियों को कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एक अप्रैल से आदेश लागू होने कर दिया गया, इससे आगामी 30 अप्रैल को सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को फायदा मिलने लगेगा।

साउथ इस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड एसईसीएल समेत कोल इंडिया की अन्य संबद्ध कंपनियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के राशि सीएमपीएफओ में जमा होती है। कर्मियों को बेसिक, डी, समेत अन्य भत्ता मिला कर मिलने वाली राशि का 12 प्रतिशत व इतनी ही राशि कंपनी अपनी तरफ से मिलाकर सीएमपीएफमें जमा करती है। सेवानिवृत होने पर इस राशि का ब्याज जोड़ कर कर्मी को भुगतान कर दिया जाता है। वर्तमान में सभी दस्तावेज सीएमपीएफ कार्यालय नहीं पहुंचने की वजह से सेवानिवृति के बाद भुगतान में दो से तीन माह का वक्त लग जाता था। कई बार कर्मी को सीएमपीएफ कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता था। इससे समय व धन दोनों बर्बाद होता था। इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए सीएमपीएफओ बोर्ड की बैठक में मंथन के बाद सेवानिवृत्ति के दिन ही राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अध्यक्ष, बीओटी. सीएमपीएफओ व सह.सचिव कोयला मंत्रालय ने सीएमपीएफओ के कामकाज की समीक्षा करते हुए पीएफ पेंशन दावा निपटाने का निर्देश दिया। इसके बाद सीएमपीएफकमीश्नर वीके मिश्रा ने मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी के तहत कुछ प्राविधान तय करने के साथ ही सेवानिवृत्ति के दिन ही चेक प्रदान करने का आदेश जारी कर दिया। इस आदेश के जारी होने पर आगामी दिन सेवानिवृत होने वाले कर्मियों ने राहत की सांस ली है, उन्हें अब सीएमपीएफ राशि के लिए बार-बार कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा।

# क्रिकेट सट्टा लिखने वालों एवं फरार वारंटियों पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही

स्टेशन के पास सट्टा नोट करते दो आरोपियों गिरफ्तार, आरोपियों से 1 टैबलैट, 5 मोबाइल और नकद रूपये जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़ ।





वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच दौरान क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों पर मुखबिर एवं अपने स्टाफ लगाकर निगाह रखी जा रही है। इसी क्रम में कल रेल्वे स्टेशन के पास दो लड़कों द्वारा आईपीएल मैच पर क्रिकेट सट्टा नोट किये जाने की सूचना पर थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे और आरक्षक उत्तम सारथी द्वारा सट्टा लिखने वाले दो आरोपी मनीष सावलानी पिता चन्द्र कुमार सावलानी उम्र 21 वर्ष निवासी शैलेन्द्र नगर बैंक कालोनी थाना चक्रधरनगर, संजय वाधवानी पिता दौलत राम वाधवानी उम्र 19 वर्ष निवासी संजय नगर बैंक कालोनी थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। दोनों आरोपियों से सट्टा नोट कर रहे उपकरण 1 टैबलेट,5 मोबाइल 5 हजार रूपये नगद,पेन एवं सट्टा-पट्टी जप्त किया गया है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 4 क, सार्वजनिक द्युत अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है । वहीं फरार आरोपियों पर चलाये जा रहे कार्यवाही के क्रम में कल रात्रि गस्त दौरान कोतवाली टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली स्टाफ द्वारा पूंजीपथरा और इंदिरानगर क्षेत्र में दबिश देकर 3 फरार वारंटी शिव कुमार निषाद पिता देवधर निषाद 23 साल इंदिरा नगर गंगाराम तालाब थाना कोतवाली, मंगलू खैरवार पिता मुंडू खैरवार 26 साल इंदिरा नगर रायगढ़, बिक्की पटेल पिता विजय पटेल 19 साल निवासी पूंजीपथरा को पकड़ा गया। वारंटी शिव कुमार निषाद और मंगलू खैरवार पर नकबजनी के दो अलग-अलग केस चल रहे हैं तथा बिक्की पटेल मोटर चोरी मामले का आरोपी है। जिन्हें आज गिरफ्तारी वारंट के परिपालन में कोर्ट में पेश किया गया है।

## हनुमान जयंती पर आयोजित शोभा यात्रा एवं जगराता कार्यक्रम के संबंध में समिति पदाधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 04 अप्रैल 2023 को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में 06 अप्रैल 2023 को हनुमान जयंती के अवसर पर सभी हनुमान मंदिरों में होने वाले भंडारा एवं पूजापाठ तथा आयोजित शोभा यात्रा व जगराता कार्यक्रम के संबंध में समिति पदाधिकारियों के साथ की बैठक। जिसमें चर्चा के दौरान समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 6 अप्रैल 2023 को हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिरों में भंडारा एवं पूजापाठ की जाएगी तथा 07 अप्रैल शाम 04 बजे से शोभा यात्रा मां भद्रकाली मंदिर के सामने हनुमान मंदिर के पास से निकलेगी और शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वापस मंदिर में जाकर समापन एवं रात्रि 08 बजे से राम मंदिर में जगराता का कार्यक्रम होगा। जिसमें समिति के पदाधिकारियों को कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गई तथा आयोजित शोभा यात्रा की रूट, उसमें लगने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रो, साउण्ड डीजे एवं अस्त्र-शस्त्र वर्जित होने, ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग न करने स्वयं का वालेटियर रखने जिससे यातायात व्यवस्था बना रहे तथा नियमानुसार डीजे बजाने के संबंध में चर्चा कर आपसी भाई चारा के साथ शांति पूर्ण तरीके से मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने अपील की गई। उक्त बैठक में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अंबर सिंह, सर्व हिन्दू समाज जि.अ. शत्रुहन सिंह साहू, राजा पांडेय, विजय सिन्हा, महेश्वरी, मुकेश कुमार साहू, राकेश शर्मा, गणेश महेश्वरी, घनश्याम सुखवानी, प्रणीष रजक, राजू साहू एवं अन्य समिति पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ राज्य डेयरी उद्यमिता योजना से दुग्ध उत्पादन किसानों को मिला ऋण, किसानों के चेहरे पर खुशी

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



छत्तीसगढ़ राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से अब किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। इस योजना के तहत देवभोग ब्लाक के गोपालकों को लाखों रुपये ऋण मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी सुनीता शर्मा ने किसानों को बताया कि जिला सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने समस्त शाखा प्रबन्धको को निर्देशित किया है कि किसानों को बैंक की ऋ ण सुविधा का लाभ तत्काल मिलना चाहिए इसी का सकारात्मक परिणाम देशों में भी दिख रहा है सहकारी बैंक रायपुर में किसानों को तत्काल हर सुविधा का लाभ मिल रहा है देवभोग ब्लॉक के कदलीमुड़ा की किसान नेपुरो पति गंगाधर, प्रमिला पति काशीराम,श्याम्बर पिता मानसिंह व माहुलकोट के किसान गोकरण पिता दाऊराम को इस योजना का लाभ मिल गया है जहां दुग्ध उत्पादन करने वाले किसान नेपुरो को दो लाख, प्रमिला को दो लाख श्याम्बर को 2 लाख तो वहीं गोकरण को 1 लाख 80 हजार का ऋण प्राप्त हुआ है अब सहकारी बैंक रायपुर में किसानों को तत्काल हर सुविधा का लाभ मिल रहा है किसानों को पहली बार सहकारी बैंक से ?200000 तक मोटरसाइकिल दिन भी प्रदान किया जाता जा रहा है बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा ने भी बताया कि बैंक किसानों को अल्पकालीन मध्यकालीन और दीर्घकालीन एड़ियों के साथ गोपालन मत्स्य पालन के लिए ऋ ण सुविधा प्रदान करता है तो वही जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक अमर सिंह धुर्वे बताया कि गोरा ब्रदर क्षेत्र में किसानों को सुविधाओं का लाभ प्रदान करने का संकल्प लिया गया है।

### क्या है राज्य डेयरी उद्यमिता

*छत्तीसगढ़ राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना 2022 छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी व्यवसाय की अपार संभावनाएं उपलब्ध कराती है दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादकों की उत्तरोत्तर बढ़ती हुई मांग को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के प्रत्येक जिले में डेयरी काय की स्थापना किया गया है उन्नत नस्ल गाय भैंस पालन एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में उभर रहा है युवाओं को डेयरी क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना को शुरू किया गया है यह योजना न सिर्फ नवीन उद्यमियों को डेयरी की स्थापना हेतु प्रेरित करता है। साथ ही वर्तमान में गाय भैंस पालन कर रहे पशुपालकों को भी पशुधन संख्या की बढ़ोतरी में भी सहायक सिद्ध करती है जिससे राज्य में दुग्ध उत्पादन एवं आपूर्ति में वृद्धि होगी।*

# हर बूथ में जीत का संकल्प लेकर कार्य में जुटे कार्यकर्ता-संजय श्रीवास्तव

## 6 अप्रेल से 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह मनाएगी भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।






सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय जशपुर में सरगुजा संभाग के प्रभारी संजय श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह, सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में एवं जिला भाजपाध्यक्ष सुनील गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने भाजपा के चल रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्य की मण्डलवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी मण्डलों में भरे गए पत्रक की जानकारी ली। आगे उन्होंने अप्रेल माह में किये जाने वाले संगठनात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। देश में सबसे अधिक विधायक, सांसद, राज्यों में सरकारें एवं केन्द्र में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीब,शोषित, वंचित, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण के प्रति समर्पित है। यह वर्ग प्रधानमंत्री को अपने मसीहा के रूप में देखता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता पार्टी की स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर व अध्यक्ष के यहां झंडा लगाने का काम करेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री के संबोधन को सभी लोग सुनेंगे। 6 अप्रैल पार्टी की स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह का आयोजन होगा। जिसके अंतर्गत सामाजिक न्याय सप्ताह में सेवा एवं रचनात्मक कार्यक्रमों की योजना बनाकर कार्यक्रम किया जाएगा। जैसे महापुरुषों की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता के कार्यक्रम, सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता का कार्यक्रम, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, बस्तियों में मेधावी छात्रों का सम्मान का कार्यक्रम, वरिष्ठ नागरिक सम्मान का कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रत्येक जिले में पार्टी द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिसमें जनसंघ के समय से कार्य कर रहे नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर उन्हें आमंत्रित करने के साथ सम्मानित किया जाएगा। उनके अनुभव से प्रेरणा भी लिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली सरकार की वादाखिलाफी से प्रदेश की जनता का मोहभंग हो चुका है। और जनता बड़ी उम्मीदों और आशाओं से उनके हक के लिए संघर्ष करने वाली भाजपा को जनसमर्थन देने के लिए आतुर है। हम सभी को प्रत्येक बूथ पर विजय के संकल्प के साथ जुटना है। जिला भाजपाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने भाजपा के आगामी सभी कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जवाबदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय, जिला संगठन प्रभारी रामकिशुन सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजशरण भगत, भरत साय, शिवशंकर साय पैंकरा, जिला महामंत्री भरत सिंह, विधानसभा प्रभारी हरपाल सिंह भाभरा एवं राजकुमार अग्रवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित साय, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, पुरषोत्तम सिंह ठाकुर, राजकपूर भगत, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, राजू गुप्ता, सुरेश राम भगत, रूपेश सोनी, शरद चौरसिया, गेंदबिहारी सिंह, सालिक साय,गोविंद भगत, संतोष सिंह, सलोने मिश्रा,गणेश जैनएनितिन राय,आनंद शर्मा, सुदाम पंडा,विजय शर्मा,मुनेश्वर सिंह केसर, श्रीनायक मिश्रा, मनोज भगत, संतोष सहाय, केशव यादव, संजीव ओझा, कपिल साय, श्याम भगत, सज्जू खान, दिनेश बड़ाईक, दीपक अंधारे, आशु राय,अभिषेक मिश्रा, दीपक गुप्ता, राजा सोनी,निखिल गुप्ता, दीपू मिश्रा, राहुल गुप्ता,कृष्णा गुप्ता, उमा देवी, शान्ति भगत, नीतू गुप्ता, शारदा प्रधान, उमा शंकर भगत, हेमवती भगत, मनोज भगत, सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने सरप्राइस चेकिंग अभियान चलाया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



3 अप्रैल को बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के आदेश में यातायात पुलिस एवं शहर के तमाम थाना अंतर्गत बुलेट व मोटरसाइकिल में तेज कर्कश आवाज वाले मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की गई। जिसमें 138 बुलेट वाहन की जांच की गई। जिसमें 81 वाहनों में मॉडिफाई साइलेंसर पाए जाने पर मोटर व्हीकल की कार्यवाही की गई थी। बैठक में पुलिस अधिकारियों द्वारा दुकान संचालकों को बताया गया कि किसी भी स्थिति में मॉडिफ ाई साइलेंसर का विक्रय ना किया जावे अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उसी प्रकार कार व अन्य वाहनों पर ब्लैक फि ल्म ना लगाने, गैरेज संचालकों को बुलेट के मोडिफ ाईल साइलेंसर लगवाने वाले वाहनों की सूचना पुलिस को देने, प्रेशर हार्न विक्रय ना करने हेतु चर्चा की गई। चर्चा के दौरान सभी बातों पर दुकान संचालको की सहमति बनी। बुलेट एवं अन्य वाहनों पर मॉडिफाई साइलेंसर, कार आदि वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाए जाने एवं प्रेशर हार्न के सम्बन्ध में शहर के थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले ऑटो पार्ट्स दुकान संचलक, कार गैरेज बाइक गैरेज के दुकान संचालकों की बैठक 4 अप्रैल 23 को 11 बजे स्थानीय बिलासगुड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जयसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक, सिविल लाइन संदीप कुमार पटेल आईपीएस, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पूजा कुमार आईपीएस एवं यातायात के उप पुलिस अधीक्षक संजय साहू ने ली। बैठक में लगभग शहर के 80 दुकान संचलक उपस्थित रहे जिन्हें अनुसार चर्चा व हिदायत दी गई साथ ही शहर में श्निजात अभियानश व श्यातायात की पाठशाला के सम्बंध में जागरूक किया गया।

# प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय बंसल ने बनायी अपनी टीम

## सुनील अग्रवाल को फिर मिली सचिव की जिम्मेदारी

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



खरसिया प्रेस क्लब की आवश्यक बैठक सामवार 3 अप्रैल को स्थानीय विश्राम गृह में सम्पन्न हुयी। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये साथ ही प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय बंसल ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुये नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुनील अग्रवाल को संगठन के सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी। प्रेस क्लब खरसिया की इस बैठक में नगर के वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे तथा अध्यक्ष अजय बंसल ने कार्यकारिणी की घोषणा की जिसका सभी उपस्थित पत्रकार साथियों ने एकमत से समर्थन किया। कार्यकारिणी में नगर के वरिष्ठ पत्रकार अमर मंत्री, अशोक अग्रवाल तथा लतीफ अहमद को संरक्षक, सुनील अग्रवाल को सचिव तथा विकास अग्रवाल ज्योति को संगठन के कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। संगठन में नितिन अग्रवाल को संयोजक बनाते हुये वहीं अरूण चौधरी, प्रहलाद बंसल तथा डिग्रीलाल जगत को उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही नटवर मित्तल को सह सचिव पद की कमान सौंपी गयी है। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता भोगीलाल यादव को संगठन का विधिक सलाहकार नियुक्त कया गया है। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पत्रकार साथयों ने बधाई दी, जिस पर सचिव सुनील अग्रवाल ने सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जो जिम्मदोरी आप लोगों ने मुझे दी है उसे आप सभी के सहयोग से पूरी तरह से निभाउंगा, साथ ही पत्रकार हित के लिये सदैव तत्पर रहूंगा। विदित हो कि सुनील अग्रवाल इससे पूर्व भी सचिव पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

# छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने ली किसान मोर्चा पदाधिकारी की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू 3 अप्रैल को अपने दौरे पर सक्ति जिले के भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा के कार्यकारणी की बैठक ली बैठक में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्दा, सक्ति जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह गबेल मंच में उपस्थित थे। सभी अतिथियों को फूल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागतम किया। जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा सक्ति जिले की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें भाजपा जिले के एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें। भाजपा किसान मोर्चा सक्ति जिले के अध्यक्ष सोनसाय देवांगन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू के प्रथम आगमन को लेकर किसान मोर्चा के पदाधिकारी उत्साहित थे। एवं उनके जोरदार स्वागत किया गया, साथ ही प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा के सक्ति जिले बैठक को संबोधित करने के साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तो वही छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्तमान में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा किसानों से किए जा रहे छल एवं विगत दिनों किसानों का कर्ज माफ किए जाने की वाहवाही लूटने की सच्चाई भी बताई साथ ही जिलाध्यक्ष सोनसाय देवांगन ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसानों के साथ राज्य की सरकार अन्याय कर रही। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनसाय देवांगन नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का हसौद चौक एवं पोता चौक में जोरदार स्वागत किया गया। तथा स्वागत के पश्चात जिला कार्यालय पहुंचे। कार्यक्रम में उपस्थित महामंत्री कष्ण कुमार गबेल, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

# कलेक्टर ने अमृत सरोवर का किया निरीक्षण



जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने जैजैपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत पेंड्री में बन रहे अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया उन्होंने लमना में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया तथा सरोवर के चारों ओर प्लांटेशन एवं उद्यानिकी पौधे आम, अमरूद आदि लगाने, सरोवर में पचरी, पिचिंग का कार्य, सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग तथा प्रकाश के हाई लाइट लगाने के निर्देश दिए। अमृत सरोवर से जल संरक्षण और जल संचयन के साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए और इस अवसर पर जैजैपुर सीईओ वर्षा रानी, हसौद तहसीलदार बी एल कुर्रे, सीईएचओ डॉ.सूरज सिंह राठौर, जैजैपुर बीएमओ शशि प्रभा बंजारे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## दांतों से काटकर लड़कियों ने बचाई अपनी इज्जत

# रेप की कोशिश करने वाला गिरफ्तार

**धमतरी।** नगरी पुलिस ने हत्या और दुष्कर्म के प्रयास के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है. मामला नगरी थाना क्षेत्र का है, जहां दो नाबालिग बहने जंगल में लकड़ी इकट्ठा करने गई थी. तभी आरोपी अकबर नागरची कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गया और नाबालिग से जबर्दस्ती करने लगा. विरोध करने और शोर मचाने पर अकबर ने लड़की पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया, लेकिन दोनों नाबालिगों ने हौसला दिखाई और आरोपी अकबर को दांतों से काट दिया और धक्का देकर गिरा दिया. इसके बाद मौका मिलते ही दोनों बहनें भाग निकली. घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी. शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को जंगल से ढूंढ निकाला।




# निगम द्वारा निकाली गई स्वच्छ मशाल मार्च रैली, स्वच्छता दीदियों ने दिया कचरा मुक्त शहर बनाने का संदेश

**कोरबा ।** आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियों ने आमनागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छ मशाल मार्च रैली निकाली तथा कोरबा शहर को कचरा मुक्त शहर बनाने का संदेश सभी को दिया। उन्होने घर से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे को घर पर ही अलग-अलग रखने एवं दोनों प्रकार के कचरे को पृथक-पृथक स्वच्छता दीदियों को देने की अपील की। भारत सरकार आवासन एवं शहरी मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्वच्छ उत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे देशभर में किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर को कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए, आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में उनके महत्वपूर्ण सहयोग व सहभागिता प्रदान करने हेतु टार्च के माध्यम से स्वच्छ मशाल मार्च रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छ मशाल मार्च रैली में निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा, गौरव सिंह आदि के साथ-साथ समस्त स्वच्छता दीदियों, जिला विकास अभिकरण कोरबा की सामुदायिक संगठकों, मिशन मैनेजरों एवं शहर के नागरिकों ने अपनी उपस्थिति देते हुए रैली में भाग लिया। इस मौके पर स्वच्छता दीदियों ने पोस्टर, पम्पलेट व फ्लैक्स के माध्यम से शहर को कचरा मुक्त बनाने, घरों एवं दुकानों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग डस्टबिनों में रखने तथा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु घर-घर पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों के वाहन में ही कचरे को पृथक-पृथक देने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं जीरो वेस्ट संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील आमनागरिकों से की। इस मौके पर उपस्थित स्वच्छता दीदियों, अधिकारी कर्मचारियों व नागरिकों ने स्वच्छता शपथ भी ग्रहण किया।

स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को दिलाए सम्मान - विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत सर्वेक्षण का कार्य शीघ्र ही संपादित होना है।

# पत्नी ने बेलन से गला दबाकर शिक्षक पति की कर दी हत्या

## आरोपी पत्नी को देवभोग पुलिस ने किया गिरफ्तार,नशाखोरी बना हत्या का कारण

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



देवभोग थाना अंतर्गत राजापारा मुहल्ले में एक पत्नी ने अपने शिक्षक पति को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पत्नी ने बेलन से गला दबाकर घटना को अंजाम दिया है। मामले में देवभोग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। वहीं आरोपी पत्नी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पुलिस पूछताछ के बाद पत्नी ने कुबूल किया जुर्म

मामले की जानकारी देते हुए देवभोग थाना प्रभारी गौतम चंद गावड़े ने बताया कि सनत सोनवानी पिता रामदास सोनवानी 47, निवासी खैरा तुलसी थाना कुंडा जिला कवर्धा वर्ष 2013 से देवभोग ब्लॉक में शिक्षक के रूप में पदस्थ था। वहीं सोमवार की देर रात सनत को उसी परिसर के अन्य किरायेदार और पत्नी बेहोशी की हालत में देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। इस दौरान डॉक्टर ने जाँच कर सनत सोनवानी को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। वहीं डॉक्टरों ने गले में कुछ कुछ निशान होने की बात भी कही इस दौरान पुलिस ने शव का पीएम करवाने के उसे चिरघर भिजवा दिया। वहीं शक के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी सीता सोनवानी से आज सुबह पूछताछ शुरू किया। इस दौरान शीतल ने पुलिस को बताया कि उसका पति आदतन शराबी था।आये दिन शराब के नशे में घर पहुंचकर विवाद करता था। घटना वाले दिन भी मृतक शराब पीकर स्कूल गया था और वहां सो गया था। इस दौरान पत्नी ने मकान मालिक से सहयोग मांगकर उसे घर लेकर आई थी। घर आने के बाद फिर से मृतक उससे गाली गलौच कर झगड़ा करने लगा। इस दौरान आरोपिया ने गुस्से में आकर घर के बेलन से उसका गला दबा दिया जिससे मृतक की मौत हो गई। नशाखोरी के चलते बच्चे कई साल से नैनिहाल में आरोपिया ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसका पति शराब के नशे में धूत होकर जब घर पहुंचता था। इस दौरान वह झगड़ा शुरू कर देता था। आये दिन गाली-गलौच और झगड़े से बच्चे भी डरे हुए थे। ऐसे में ना चाहते हुए भी अपने दोनों बच्चों को अपने से दूर करना पड़ा। सीता ने बताया कि दोनों बच्चे उसके दादा-दादी के पास रहते है।




# बेरोजगारी भत्ता : च्वाईस सेंटर्स से भी भरे जा सकते फार्म

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणानुरूप जिले में 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ते के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसके लिए शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए है। आवेदन सिर्फ ऑनलाईन लिए जा रहे है। जिसके लिए एक अलग पोर्टल https://berojgaribhatta.cg.nic.in लांच किया गया है। जिन युवाओं के पास खुद से ऑनलाईन फार्म भरने का साधन उपलब्ध नहीं है उनके लिए लोक सेवा केन्द्रों के द्वारा फार्म भरने की सुविधा दी गई है। फार्म भरने के लिए दो वर्ष पहले का रोजगार पंजीयन आवश्यक है। फार्म भरने से पहले आवेदक को कुछ जरूरी दस्तावेज साथ रखने होंगे, जिसमें एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्क शीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड शामिल है। क्योंकि यह दस्तावेज आवेदन फार्म के साथ अपलोड करने होंगे। आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी भी अपलोड करनी होगी। जिसका सत्यापन बैंक मैनेजर से कराने के बाद बेरोजगारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाई न हो। आवेदक को अपने ही बैंक खाते की जानकारी भरनी है, किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं, अन्यथा बैंक मैनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा और बेरोजगारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी।

### रायगढ़ नगर निगम के इन च्वाईस सेटर्स में भर सकते है फार्म

रायगढ़ जिले में 21 च्वाईस सेंटर बनाये गये है। इन सेंटरों में जाकर युवा बेरोजगारी भत्ता के लिए फार्म भर सकते है। इनमें साई कृपा लोक सेवा केन्द्र-न्यू ट्रांसपोर्ट नगर नियर अपेक्स बैंक रायगढ़, यूगल इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्प्यूटर वार्ड नंबर 2 धांगरडीपा रायगढ़, मिमांश कम्प्यूटर-नियर पहाड़ मंदिर कौहाकुण्डा रायगढ़, एसकेएम कम्प्यूटर-वार्ड नंबर 33 कांशीराम चौक रायगढ़, यूनिक सर्विस फॉर ऑल-चांदमारी रायगढ़, सोनालिया बुक वर्क-सत्तीगुड़ी चौक बैकुण्ठपुर रायगढ़, डिजीटल मोबाइल-नियर विश्वासगढ़ चर्च बाजीराव पारा रायगढ़, जैन सीएससी-विजयपुर चौक बोईरदादर रायगढ़, चैतन्य कम्प्यूटर-हनुमान मंदिर ढिमरापुर चौक रायगढ़, केजीएन कम्प्यूटर-वार्ड नंबर 10 मधुबन पारा रायगढ़, गंशा मोबाईल एण्ड ईनेट-वार्ड नंबर 33, कांशीराम चौक गांधीनगर रायगढ़, आकाश सीएससी-मारूति शोरूम रायगढ़, अंकित ऑनलाईन सर्विस-राजीव गांधी नगर, अलिजा च्वाईस सेंटर-नियर अंडर ब्रिज बाजीराव पारा रायगढ़, जय ऑनलाईन सोल्यूशन-नया शनि मंदिर सर्किट हाऊस रोड रायगढ़, ए एण्ड जे कम्प्यूटर-नियर कबीर चौक रायगढ़, सांई कम्प्यूटर एण्ड डाटा मेन्टेनेंस-नियत कंसमर फोरम ऑफिस, केलो विहार कालोनी रायगढ़, डीलाईट डिजीटल सेवा-लक्ष्मीपुर नियर सरस्वती शिशु मंदिर रायगढ़, यूनिवर्सल कियोस्क-एसबीआई बैंक कोतरा रोड रायगढ़, सांई कम्प्यूटर-ढिमरापुर चौक रायगढ़ एवं शैलेष सिंग ठाकुर-नियर सिविल कोर्ट, जिला पंचायत रोड रायगढ़ है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, बुधवार 5 अप्रैल 2023

# मानदेय वृद्धि के लिए बिहान कैडर ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान कैडर के लोगों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा। विकासखंड धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा कैडर के पदाधिकारियों ने विधायक लालजीतसिंह राठिया के निवास में जाकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मानदेय वृद्धि करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि बिहान योजना के समस्त कैडर बहुत ही कम मानदेय में फील्ड वर्क का कार्य कर रहे हैं। विगत पांच वर्षों में इनकी मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई है। वहीं महंगाई में भारी बढ़ोत्तरी हुई है। जिसके कारण फील्ड वर्क करने में मानदेय से ज्यादा खर्च हो जाता है। बिहान कैडर का कार्य समूह गठन से लेकर आजीविका दिलाना, समस्त विभागों से मिलकर कार्य करना, वेक्सिनेशन से लेकर मल्टी,क्टिविटी गौठनों में पांच प्रकार की गतिविधि अन्य गौठानों में तीन प्रकार की गतिविधि, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग, पशु पालन, मनरेगा कार्य सहित अनेक प्रकार का कार्य किया जाता है। कलस्टर में लेखा जोखा संधारण सहित प्रतिदिन कैडर का कार्य होता है। कैडर द्वारा सभी शासकीय कार्यों को भलीभांति किया जा रहा है। लेकिन मानदेय कम होने के कारण जीवनयापन करने में परेशानी हो रही है। जिसके लिए मानदेय वृद्धि की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर पूरी करने उचित कार्यवाही की मांग की गई। बता दें कि बिहान कैडर का छत्तीसगढ़ में विगत 14 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। राजधानी धरना स्थल पर प्रदर्शन किया जा रहा है।+

## एक नजर

### सांसद गोमती साय के प्रयासों से चार रेल गाड़ियों को मिला रायगढ़ में स्टॉपेज

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



जन हितों के लिए समर्पित रहने वाली सांसद गोमती साय के प्रयासों का सुखद परिणाम रायगढ़ में चार ट्रेनो के स्टापेज मिलने के रूप में सामने आया।विगत दिनों सांसद गोमती साय ने रेल मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगों से अवगत कराया। सांसद की मांग को गंभीरता से लेते हुए भारत सरकार के रेल मंत्रालय के तहत रेलवे बोर्ड ने जारी आदेशों के तहत ट्रेन क्रमांक 17007–17008 सिकंदराबाद . दरभंगा एक्सप्रेस 20917–20918 इंदौर पूरी हमसफर एक्सप्रेस 22845/22846 पुणे हटिया एक्सप्रेस 22909/22910 पूरी वलसाड एक्सप्रेस के रुकने के आदेश जारी कर दिए हैं। चार ट्रेनों के ठहराव से रायगढ़ क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा।

### सरहुल पर्व की तैयारी को लेकर हुई बैठक

6 अप्रैल को ही सरहुल पर्व को मनाए जाने की गयी अपील

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।



मंगलवार को धान मंडी कुसमी में सरहुल प्रकृति पर्व की तैयारी एवं सफल आयोजन हेतु विस्तृत रूप रेखा तैयार कर समस्त पदाधिकारियों को कार्य विभाजन कर दायित्व दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव क्षेत्रिय विधायक चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में समस्त खाड़ों प्रदेश में 6 अप्रैल को ही सरहुल पर्व को मनाए जाने की अपील किया गया है। आज के इस बैठक में देवान रामचंद्र निकुंज, उप देवान लक्ष्मी प्रसाद निकुंज, राजेंद्र भगत, नगर पंचायत अध्यक्ष गोवर्धन राम, मंडी समिति अध्यक्ष बालेश्वर राम, बीडीसी देवधन भगत, सरपंच बसंती भगत, देवसाय, रामसाय, शिव, प्रवीण भगत, संजय, प्रहलाद, विनोद, काली राम, सौरभ कुमार आदि अन्य उपस्थित रहे।

# वर्तमान सरकार पूंजीपतियों की सरकार-नाथू लाल

जोहार छत्तीसगढ़–छाल।




जेबीसीआई आई सदस्य नाथू लाल एसईसीएल छाल मे कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों से मिले उनके समस्याओं को लेकर उनके समाधान करने का आश्वासन दिया नाथू लाल ने प्रेस को बताया कि एचएमएस मजदूर हित के लिए हमेशा कार्य करता है एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार कि निजी करने स्कीम फेल हो चुकी है क्योंकि वर्तमान सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। उनको लाभ दिलाने के लिए निजी करण का राग अलाप रहे हैं लेकिन मैं बता दूं निजीकरण होता तो कोयले की आपूर्ति नहीं कर पाती अभी जितने भी पावर प्लांट चल रहे हैं सभी कोल इंडिया के बदौलत ही चल रहा है कोल इंडिया अधिकृत खदान से 18 हजार करोड़ का मुनाफा सरकार को हो रहा है और अरबो में रायटी कोल इण्डिया दें रहा है यह कहना गलत है कोल इंडिया अधिकृत खदान से नुकसान हो रहा है एवं सरकार की राजस्व में कोल इंडिया का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए सरकार निजी करण की सोच नहीं सकता यहां कर्मचारियों की समस्या वर्तमान मे सिफ्ट बस की आ रही है जिसके लिए तात्कालिक व्यवस्था किया गया रही बात यहां के प्रभावित किसान या भू-स्वामी की तो गांधी वादी की तरह आंदोलन करें हमारे यूनियन सदैव उनके साथ है जरूरत पढ़े तो मैं भी उनके सहयोग के लिए उपस्थित हो जाऊगा कोल में रोजगार की बात है तो इनके नियम बहुत सख्त तो इसमें सरलिकरण होना चाहिए क्योंकि ग्रामीणों मे जानकारी की अभाव होता है मैं इनके लिए प्रयास करूंगा कि फाइल दुरुस्त करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों मे कैम्म लगाकर सुविधा देनी चाहिए साथ सभी एक संदेश दिया कि कोई भी प्रभावित किसान अपनी समस्या की निराकरण के लिए आये हमारे यूनियन उनके साथ पायेगा।

# लैलूंगा में कांग्रेस द्वारा जय भारत सत्याग्रह के तहत प्रेस कॉफ्रेन्स संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।




प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण मालाकार के निर्देशानुसार जय भारत सत्याग्रह के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा लैलूंगा क्षेत्र के विधायक चक्रधर सिंह सिदार के समक्ष धरमजयगढ़ से प्रेस वार्ता के लिए नियुक्त प्रभारी युसूफ छाया सहित वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों की गरीमामयी उपस्थिति में प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय मंगलम भवन में किया गया था जो कि बहुत व्यवस्थित ढ़ग से संपन्न हुआ। उपरोक्त प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी युसूफ छाया ने बताया कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने आम जनता की आवाज को उठाने या भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर अलोकतांत्रिक तरीके से चार बार के सांसद राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी गई है जो की निंदनीय है। साथ ही प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसियों ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता निरस्त किए जाने पर घोर आपत्ति जताई है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ओम सागर पटेल, लैलूंगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ठण्डा राम बेहरा, तमनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी लाल पटेल, लैलूंगा जनपद अध्यक्ष किरण पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष लखन लाल सारथी, माणिक चन्द्र पटनायक, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रूपेश पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता सुरेश डगला, वीर सिंह राठिया, रामलाल पटेल, शौकी लाल प्रधान, पार्षद आदित्य बाजपाई, पार्षद कृष्णा जयसवाल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अंतोराम यादव, महामंत्री सतीश शुक्ला, महिला अध्यक्ष गीता पैकरा, ममता साहू,आईटी सेल अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, प्रमोद प्रधान, युवा अध्यक्ष आलोक गोयल, करुणा प्रधान, संपत गुप्ता, एनएसयूआई अध्यक्ष परमेश्वर बैरागी तेजस बंजारे, पांडव प्रधान, खगे प्रधान, विनय जयसवाल, नेतराम, आकृत सारथी, सतीश चौहान, रवि यादव, मनोज सुबरा, अप्रांश सिन्हा, शुभम गुप्ता, सानू खान, ऋषि नायक आदि सहित आसपास के सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जय भारत सत्याग्रह पर कांग्रेस की प्रेसवार्ता आज

विधायक व अन्य पदाधिकारी रहेंगे उपस्थित

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।




राहुल गांधी की संसद सदस्यता छीने जाने और केंद्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कांग्रेस देश भर में जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। जिसमें जगह जगह विभिन्न राजनीतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर कांग्रेस, केंद्र सरकार पर लगातार तीखे और सीधे राजनीतिक हमले कर रही है। इस कड़ी में रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में भी आज दोपहर 1.30 बजे से स्थानीय विधायक निवास में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया है। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से बताया गया है कि इस प्रेसवार्ता में विधायक लालजीत सिंह व जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मुकुंद मुरारी पटनायक उपस्थित रहेंगे। वहीं, प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में धरमजयगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस परिवार के सदस्यों व पत्रकारगणों को आमंत्रित किया गया है।

# कोटा एसडीओपी सिद्धार्थ बघेल ने एनजीओ टीम के साथ ग्राम नेवसा में अवैध नशे के विरूद्ध चलाया जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।



पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर संतोष सिंग के द्वारा अवैध नशे के कारोबार तथा अवैध नशा से निजात दिलाने अभियान चलाया जा रहा है, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा सिद्धार्थ बघेल थाना स्टाफ रतनपुर एवं एनजीओ के कार्यकता सुश्री पूजा वर्मा टीम के साथ आज थाना रतनपुर क्षेत्र के ग्राम नेवसा में मंचस्थ के माध्यम से आज के युग में बढ़ते हुये अवैध नशे के सेवन से कैसे आम जन अपने जीवन को बर्बाद कर रहा हैं,

नशे के कारण कैसे परिवार से टूट रहा हैं तथा नशा ही मानव जीवन का नाश का मूल कारण हैं नशा अपराध का जड़ हैं अन्य पहलुओं के माध्यम से नशा के सेवन से दुरी, अवैध नशा से मुक्ति, अवैध नशे से निजात दिलाने लोगों को जागरूक करने जागरूकता अभियान संचालन किया गया, जंहा ग्राम पंचायत नेवसा के अतिरिक्त आस पास के लोग करीब सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे, विदित हो कि यह जगारूकता अभियान बिलासपुर जिले के सभी क्षेत्र में संचालित किया जा रहा हैं तथा थाना रतनपुर क्षेत्र में इसका असर भी दिखाई देने लगा हैं पूर्व की तुलना में अपराधिक घटना में काफी सुधार आ रहा है। निजात अभियान एवं जागरूकता अभियान लगातार जारी हैं बैनर पोस्टर बाजार हाट में मंच के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# तीर-कमान लेकर निकले शिकारियों ने किया वार, 8 माह के भालू की मौत, 2 गिरफ्तार

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के पुलिस ने भालू के शावक का शिकार करने वाले 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भालू के शावक का शव बरामद किया गया है। दोनों ने तीर-कमान से भालू के शावक का शिकार किया है। मामला दुधावा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की रात कोरमूड गांव निवासी दो ग्रामीण तिजू और तिहारू दुधावा क्षेत्र के जंगल में शिकार के लिए गए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक मादा भालू अपने 2 शावकों के साथ घूम रही है। उन्होंने इनमें से एक शावक पर तीर-कमान से वार कर दिया। इससे 8 माह के शावक को 4 तीर लगे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद दोनों शिकारी उसके





शव को लकड़ी से बांधकर अपने साथ ले जा रहे थे, तभी वन विभाग के एक कर्मचारी की नजर उन पर पड़ गई। वनकर्मी को देख दोनों शव को मौके पर ही छोड़कर भाग निकले। इसके बाद वन विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर कोरमूड गांव में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने बताया कि, वह कमान जनजाति के लोग हैं और शिकार करना उनका पेशा है, इसलिए वह इसके लिए जंगल गए थे। भालू नजर आते ही उन्होंने तीर-कमान से उसका शिकार कर लिया।

# क्या न्याय पालिका से ऊपर है गांधी परिवार –गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



सांसद गोमती साय ने राहुल गांधी को पिछड़ी जाति के अपमान हेतु दो वर्षो का सजा सुनाए जाने के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा गांधी परिवार स्वयं को न्यायपालिका से भी ऊपर मानता है। गांधी परिवार को देश की किसी जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं है। नेशनल हेराल्ड घोटाले में जमानत में बाहर चल रही सोनिया गांधी एवं उनके बेटे राहुल गांधी यूपीए की सत्ता के दौरान सीबीआई को पिंजरे में तोता की तरह कैद रखे हुए थे। पिंजरे में कैद इसी सीबीआई के तोते को आज मोदी ने बाज बना दिया। राजनीति से जुड़े रसूखदारों को जेल के पीछे पहुंचाकर सीबीआई ने यह प्रमाणित कर दिया कि उनकी कार्यवाही निष्पक्ष है। न्यायपालिका ने इससे पहले दो दर्जन से अधिक मामलों में अर्नगल बयान बाजी व दुरुपयोग के मामले में सांसदों को अयोग्य ठहराया है लेकिन तब गांधी परिवार को देश का लोकतंत्र खतरे में नजर नहीं आया। गांधी परिवार पर संकट आते ही लोकतंत्र खतरे में नजर आने लगता है। राज्य के विधायकों की मोदी से मुलाकात पर कांग्रेस द्वारा सवाल उठाए जाने पर गोमती साय ने करारा जवाब देते हुए कहा क्या मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भी गांधी परिवार से बिना समय लिए मुलाकात कर सकते हैं। गोमती साय ने स्मरण कराया एक राज्य के मुख्यमंत्री ने जब राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा तो मिलने की बजाय राहुल गांधी कुत्ते को बिस्किट खिलाना ज्यादा मुनासिब समझ रहे थे। दो दशक पहले गांधी परिवार से कोई राज्य का विधायक तो दूर मुख्यमंत्री भी नहीं मिल पाता था लेकिन मोदी ने गांधी परिवार के अहंकार को तोड़ा है। राज्य के विधायकों को किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार मुलाकात का समय देकर नई परंपरा की शुरुवात की है। मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता का सम्मान किया है।

# जंतर मंतर में लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शन में शामिल हुए महिला कांग्रेसी

जोहार छत्तीसगढ़–रायपुर।






अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राहुल गांधी के विरूद्ध केन्द्र सरकार के रवैय्ये का विरोध देशभर में किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर में महिला कांग्रेस के द्वारा लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा का नेतृत्व प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य से प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद फूलो देवी नेताम सैंकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ इस प्रदर्शन में शामिल हुईं। कोरबा जिले से महिला कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अंकिता वर्मा,उषा संतोष राठौर, महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रभा तंवर, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेसियों ने भी इस प्रदर्शन में सहभागिता दर्ज कराई। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार को इस मामले में आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को 2 वर्ष की सजा सुनाने के साथ ही अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने में कोई वक्त नहीं लगाया जो कि लोकतंत्र का सीधे.सीधे हनन है। इस मामले में राहुल गांधी को जो राहत लोकतंत्रात्मक व्यवस्था में मिलनी चाहिए थी वह नहीं दी गई। बल्कि दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही की गई। इस तरह की कार्यवाही की देशभर में निंदा कांग्रेसियों द्वारा की जा रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in